● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 242, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



जातिगत भेद-भाव के चलते लोगों का विकास रुका: अनुप्रिया 5

मेरा ऋषभ पंत से कोई कंपीटिशन नहीं: संजू 6

## महाराष्ट्र में एक तो झारखंड में दो चरणों में मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के अनुसार, महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजों का एलान कर दिया जाएगा। वहीं झारखंड में 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। झारखंड चुनाव के नतीजों का एलान भी 23 नवंबर को होगा।

महाराष्ट्र में एक चरण में विधानसभा चुनाव होने के एलान पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि राज्य सरकार को पर्याप्त समय दिया गया है कि वह अपने सारे मुद्दों को सुलझा लें। महाविकास अघाड़ी भी पूरी तरह से चुनाव के लिए तैयार है और भाजपा को भी पता है कि उन्हें महाराष्ट्र में कुछ नहीं मिलने वाला और महा विकास अघाड़ी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।

वहीं एनसीपी एसपी नेता अनिल देशमुख ने कहा कि महाविकास अघाड़ी चुनाव के लिए तैयार है। सीटों के बंटवारे का जल्द एलान कर दिया जाएगा। हम विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करेंगे। चुनाव आयोग के मतदान की तारीखों का एलान करने पर झारखंड कांग्रेस के नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 में होने वाले चुनाव 2019 में हुए चुनाव की तुलना में एक माह पहले हो रहे हैं लेकिन हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमें विश्वास है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। लोगों में चुनाव को लेकर उत्साह है और मतदान प्रतिशत में भी इजाफा होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले 15-20 चुनाव देखें तो हर चुनाव में अलग-अलग नतीजे आए हैं और ऐसा नहीं हो सकता कि जब मनमाकिफ नतीजे न आएं तो सवाल उठाए जाएं। सीईसी ने कहा कि ईवीएम में सिंगल यूज बैट्री है और जब ये डाली जाएगी तो ये लंबे समय तक चलती है। जब शुरू हुई तो वो 100 फीसदी थी, लेकिन जैसे जैसे वो इस्तेमाल होगी तो बैट्री लाइफ कम होगी। मॉक पॉल के दौरान इस्तेमाल होने की वजह से बैट्री चार्जिंग अलग-अलग हो सकती है।

सीईसी ने कहा कि ईवीएम में जो बैट्री डाली जाती है, उस पर भी एजेंट्स के हस्ताक्षर होते हैं। स्टोरेज के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा होगी। जब वो मतदान के लिए निकलेंगी तो उसकी वीडियोग्राफी होगी और फिर कैंडिडेट्स के एजेंट्स होंगे। सभी मशीनों के नंबर भी एजेंट्स के साथ साझा किए जाएंगे और उनसे वोट डलवाकर भी पुष्टि कराई जाती है। इसके बाद वोटिंग हुई और फिर बंद होने पर भी एजेंट्स के साइन कराए। हर कदम पर पब्लिक डिस्क्लोजर होता है। चुनाव आयोग ने मतगणना के दौरान नतीजों के रुझानों पर रिपोर्टिंग को लेकर नाराजगी जाहिर की। ईवीएम को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पांच छह महीने पहले ईवीएम की पहले लेवल की चेकिंग होती है। हमारे पास ईवीएम को लेकर 20 शिकायतें आई हैं और हम हर शिकायत का जवाब देंगे, पूरे तथ्यों के साथ। ये हमारा कर्तव्य है। हम उन जवाबों को प्रकाशित भी करेंगे ताकि सभी को पता चल सके। पहली चेकिंग, स्टोरेज रखना फिर उसे बूथ पर ले जाना, फिर स्टोरेज रखना और फिर मतगणना, हर समय पर राजनीतिक पार्टियों के एजेंट्स मौजूद रहते हैं। चुनाव आयोग ने 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के शेड्यूल का भी एलान किया है। 47 विधानसभा सीटों और केरल की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नोटिफिकेशन की शुरुआत 18 अक्तूबर से होगा। वहीं उत्तराखंड की एक विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट पर 22 अक्तूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा। नामांकन की शुरुआत पहले चरण के लिए 25 अक्तूबर 2024 को और दूसरे चरण के लिए 29 अक्तूबर से होगी। उम्मीदवार पहले चरण के लिए 30 अक्तूबर को नामांकन वापस ले सकते हैं और दूसरे चरण के लिए यह तारीख 4 नवंबर है। उपचुनाव के पहले चरण का मतदान 13 नवंबर 2024 को और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। उपचुनाव के नतीजे भी दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। उपचुनाव असम की पांच विधानसभा सीटों, बिहार की 4 सीटों, छत्तीसगढ़ की एक सीट, गुजरात की एक, कर्नाटक की 3, केरल की तीन (दो विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट), मध्य प्रदेश की दो सीटों, महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट और मेघालय की एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव होंगे।

## आजादी के बाद नहीं दिया गया ऐतिहासिक स्थलों पर ध्यान: पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का मकसद सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर 'आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें' शीर्षक वाले पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित तौर पर इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी।

पीएम मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखा जाता है। पीएम ने कहा, "जब पर्यटन बढ़ता है तो सभी की आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें।"

उन्होंने कहा, "इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले बनाए गए डॉक, हमारे पूर्वजों की सरलता की भावना दर्शाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसकी उन्नत इंजीनियरिंग और शहरी नियोजन आधुनिक पर्यवेक्षकों को चौंका देती है। यह हमारे अतीत की प्रतिभा का एक नमूना मात्र है। उन्होंने कहा, "अफसोस है कि आजादी के बाद के दशकों में हमने अपने इतिहास के कई पहलुओं और कई ऐतिहासिक स्थलों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे हमारा समृद्ध अतीत खोता जा रहा है।" मोदी ने कहा कि हालांकि, पिछले 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है।

## यूपी, महाराष्ट्र, झारखंड में अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी बसपा: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी यूपी की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के साथ महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी। पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा दो राज्यों में होने वाले आम विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव की घोषणा का स्वागत किया है।





बसपा सुप्रीमो ने कहा कि चुनाव जितना कम समय में और पाक-साफ अर्थात धनबल व बाहुबल आदि के अभिशाप से मुक्त हो, उतना ही बेहतर होगा। जिसका पूरा दारोमदार चुनाव आयोग पर ही निर्भर है।

बसपा दोनों राज्यों में अकेले ही चुनाव लड़ेगी और प्रयास करेगी कि उसके लोग इधर-उधर न भटकें, बल्कि पूरी तरह बसपा से जुड़कर डॉ. भीमराव अंबेडकर के कारवां के सारथी बनकर शासक वर्ग बनने का अपना मिशनरी प्रयास जारी रखें। उन्होंने कहा कि यूपी में 9 विधानसभा की सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी बसपा अपने उम्मीदवार उतारेगी और यह चुनाव भी अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी एवं दमदारी के साथ लड़ेगी।

यूपी में विधानसभा की 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर अभी उपचुनाव नहीं होगा।

### नासा ने बृहस्पति के चांद यूरोपा पर स्पेसक्राफ्ट भेजा

**नई दिल्ली।** बृहस्पति ग्रह के चांद यूरोपा पर जीवन की संभावना की तलाश करने के लिए नासा ने सोमवार को यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किया। स्पेसक्राफ्ट को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया। यह मिशन 6 साल का होगा और इस दौरान स्पेसक्राफ्ट करीब 3 अरब किलोमीटर का रास्ता तय करेगा। यूरोपा क्लिपर 11 अप्रैल 2030 में बृहस्पति की कक्षा में दाखिल होगा।

## अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और भारत के बीच मंगलवार को 32 हजार करोड़ की डिफेंस डील फाइनल हो गई है। इसके तहत भारत 31 प्रीडेटर ड्रोन अमेरिका से खरीदेगा। ये अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का ही एक वैरिएंट है।



ये ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। इसके मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए देश में ही फैसिलिटी बनाई जाएगी। डिफेंस अफसर ने न्यूज एजेंसी से कहा कि दोनों देशों के सीनियर अफसरों ने मंगलवार को डील पर दस्तखत किए गए। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में यह डील फाइनल हुई थी। भारत ने अमेरिका के साथ अमेरिकी चुनाव के एक हफ्ते पहले किया है।

15 ड्रोन नेवी और बाकी आर्मी-एयरफोर्स में बंटेंगे अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स भारत को ये ड्रोन देगी। इन्हें चेन्नई में आईएनएस राजानी, पोरबंदर और गुजरात के सरसावा में तैनात किया जाएगा। इसके अलावा इसे क के गोरखपुर में भी तैनात किया जाएगा। इंडियन नेवी को 15 सी गार्जियन ड्रोन मिलेंगे। एयरफोर्स और आर्मी को ऐसे 8-8 ड्रोन मिलेंगे।

एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन एमक्य-9 रीपर ड्रोन का ही एक वैरिएंट है। रीपर ड्रोन से हेलफायर मिसाइल को लॉन्च किया जा सकता है। अमेरिकी ने इसी हेलफायर मिसाइल से जुलाई 2022 में काबुल में अलकायदा के लीडर अल-जवाहिरी को मारा था।

### इजराइल ने लेबनान में ईसाई ठिकाने पर हमला किया

**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सोमवार को उत्तरी लेबनान में इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक, इजराइल का ये हमला त्रिपोली के एक ईसाई इलाके ऐतोउ में हुआ। आमतौर पर इजराइल ईसाई इलाके में हमला नहीं करता। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐतोउ में एक अपार्टमेंट में दक्षिण लेबनान से पलायन कर आए लोग रह रहे थे। त्रिपोली लेबनान के सुरक्षित इलाके में गिना जाता रहा है।

### विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, महाराष्ट्र-झारखंड में तैनात किए पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एआईसीसी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक (विभागवार) और राज्य चुनाव वरिष्ठ समन्वयक नियुक्त किए हैं। इसमें महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एआईसीसी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक (विभागवार) और राज्य चुनाव वरिष्ठ समन्वयक मुकुल वासनिक और अविनाश पांडे को नियुक्त किया गया हैं।

वहीं कांग्रेस नेता तारिक अनवर, अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रमार्क मल्लू को झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए एआईसीसी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। बता दें कि झारखंड में फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार सत्ता में काबिज है। 81 विधानसभा सीटों वाली राज्य विधानसभा में 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन ने 47 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। इसके बाद हेमंत सोरेन दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

## संचार में उन्नत तकनीक की भूमिका बढ़ी: राजनाथ

**विकाराबाद।** तेलंगाना के विकाराबाद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज वीएलएफ स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि बदलते परिदृश्य और तकनीक के मोर्चे पर आए दिन मिल रही चुनौतियों को देखते हुए नौसेना समेत तमाम सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक संचार तकनीक से लैस किया जाना समय की मांग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौर में देश की जनता के साथ-साथ सभी लोगों ने तकनीक की अहमियत का एहसास किया।



विकाराबाद में वीएलएफ स्टेशन के शिलान्यास समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पहले जो चीजें सिर्फ कल्पना का हिस्सा लगती थीं, वो अब हकीकत बन गई हैं। यह संचार के कारण ही संभव हो पाया है... संचार के इतिहास में, अभी जो प्रगति हुई है वो बहुत ज्यादा है। संचार में उन्नत तकनीक की भूमिका अब काफी बढ़ गई है।

वेरी लो फ्रीक्वेंसी स्टेशन के शिलान्यास के मौके पर रक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के विशेष योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी सराहना भी की। उन्होंने विकास कार्यों का समर्थन करने के लिए राज्य सरकार का आभार प्रकट किया और कहा कि विकाराबाद में बन रहे इस केंद्र के पूरी तरह चालू हो जाने के बाद हमारी सैन्य क्षमताओं को विस्तार मिलेगा। इससे सशस्त्र बलों को भी काफी मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना के लिए वीएलएफ स्टेशन कई तरह से फायदेमंद साबित होगा। रणनीतिक अहमियत के कारण यह सैन्य केंद्र राष्ट्रीय महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि सामान्य परिस्थितियों के अलावा असाधारण हालात में भी किसी भी सैन्य कमांड सेंटर का समुचित क्रियान्वयन अहम है।

### वायनाड लोकसभा, 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को वोटिंग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र-झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की। 13 नवंबर को केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 12 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। 20 नवंबर को महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा के साथ केदारनाथ सीट पर मतदान होगा। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा।

48 विधानसभा सीटों में से सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश की 9 सीट है। मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव नहीं होगा। राजस्थान (7), पश्चिम बंगाल (6), असम (5), बिहार (4), पंजाब (4), कर्नाटक (3), केरल (2), मध्य प्रदेश (2), सिक्किम (2), गुजरात (1), उत्तराखंड (1), मेघालय (1) और छत्तीसगढ़ की 1 विधानसभा सीट है।

42 सांसद बने, 3 का निधन 48 विधानसभा सीटों में से 42 के विधायक सांसद बने हैं। इनमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 11, भाजपा के 9, सपा- टीएमसी के 5-5 और अन्य दलों के 12 विधायक शामिल हैं। बाकी 6 में से तीन सीटें निधन से खाली हुईं।

### मानसून की विदाई के बीच देश में बारिश का असर

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्से से मानसून की वापसी हो चुकी है, लेकिन बारिश का असर बना हुआ है। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण सीएम एमके स्टालिन ने 15 अक्टूबर तक 4 जिलों के सभी स्कूल-कॉलेज में छुट्टी का निर्देश दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 4 दिन भारी बारिश का अलर्ट है। आज चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में भारी का अलर्ट है। बेंगलुरु, अंडमान, नई दिल्ली और मस्कट से चेन्नई आने-जाने वाली आठ उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और दक्षिणी भारत के राज्यों में हल्की से तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश में लो प्रेशर एरिया डिप्रेशन में बदल गया है। वहीं, ट्रफ भी गुजर रही है।

## आदर्श आचार संहिता से चंद मिनट पहले दिवाली बोनस का एलान



**मुंबई ।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा एलान किया। उन्होंने निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस की घोषणा की। शिंदे ने कहा कि बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन) कर्मचारियों को भी 29 हजार रुपये बोनस मिलेगा। खास बात यह है कि इस साल राशि पिछली बार हुई घोषणा की तुलना में तीन हजार रुपये ज्यादा है। सरकार ने यह भी कहा है कि किंडरगार्टन कक्षा के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों और आशा वर्कर्स को भी बोनस का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार मदरसा शिक्षकों का वेतन बढ़ाने का एलान भी कर चुकी है।

सरकार की आज की घोषणा इसलिए भी अहम है क्योंकि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब किसी भी तरह के सरकारी लाभ वाले एलान पर पाबंदी रहेगी। हालांकि, कुछ अति विशिष्ट परिस्थितियों में निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद सरकार पैसे जारी कर सकती है। इससे पहले बीते 11 अक्तूबर को राज्य सरकार ने मदरसा शिक्षकों का पारिश्रमिक बढ़ाने का एलान किया। सीएम शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य की कैबिनेट ने डीएड डिग्री वाले मदरसा शिक्षकों का मानदेय 6,000 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये और बीए, बीएड और बीएससी डिग्री वाले शिक्षकों का वेतन 8,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये करने का भी फैसला किया।

## कमलनाथ के लंच पर पहुंचे राहुल गांधी, दो घंटे हुई चर्चा

**भोपाल।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के घर पहुंचे और साथ में लांच किया। माना जा रहा है कि कमलनाथ को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमलनाथ और राहुल गांधी मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी पर भी चर्चा की है। इधर दोनों नेताओं के बीच लंच पर प्रदेश की राजनीति मायने निकाले जाने लगे हैं।

राहुल गांधी और कमलनाथ के बीच करीब 2 घंटे तक लंबी चर्चा हुई है। उनकी चर्चा को मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी को घोषणा के पहले उनकी रायशुमारी से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं मुलाकात के बाद प्रदेश की राजनीति को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं। बता दें कि जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हुई है। पहले विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव के चलते प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा टलते रही है। प्रदेश में विभिन्न गुटों में बंटे कांग्रेस नेताओं के समर्थकों को संतुष्ट करने के चक्कर में भी नामों की घोषणा में देरी होना भी एक कारण बताया जा रहा है। उनके मुलाकात के बाद प्रदेश की राजनीति को लेकर कई कयास लगाए जा रहे है। मुलाकात के लिए कमलनाथ ने राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया है।



मप्र कांग्रेस सेवादल में संगठन की सक्रियता बढ़ाने के लिये तथा सेवादल के आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के 9 जिलों में परिवर्तन किया गया है। इस तरह विगत माह से कुल 15 जिला अध्यक्ष बदल दिये गये है। मप्र कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सेवादल की ओर से विभिन्न जिलों में एक दिवसीय कार्यशाला एवं तीन दिवसीय प्रषिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे है। 12 दिसम्बर को भोपाल में कांग्रेस सेवादल का प्रदेश स्तरीय विशाल महासम्मेलन आयोजित होगा। यादव ने बताया कि 9 जिला अध्यक्षों के अलावा 6 प्रदेश सचिव एवं 6 प्रदेश सह सचिव नियुक्त किये गये है।

सीधी अरविंद कुमार सिंह, उज्जैन शहर-कुलदीप जाट, दतिया मोहनसिंह कुषवाहा, दमोह संजय चौरसिया, आगर देवकरण पाटीदार, धार जितेन्द्र जोशी, सतना शहर आनंद सेन, सतना ग्रामीण बरमेन्द्र सिंह परिहार एवं मैहर अरूण तनय मिश्रा को जिला अध्यक्ष एवं प्रदेष सचिव रकीब खान इंदौर, ओमप्रकाश सिकरवार ग्वालियर, ब्रजकिषोर उपाध्याय मुरैना, अजय नागेष्वर होशंगाबाद, दिनेष कलोसिया इंदौर, चन्द्रषेखर राज बबलू सागर एवं प्रदेश सह सचिव अनिल कुमार शर्मा उज्जैन, बीके नामदेव दतिया, मनीष गोमे उज्जैन, इमरान अंसारी अनूपपुर, रामनिवास शर्मा दतिया, वीरेन्द्र ठाकुर दमोह को नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्ति कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई की स्वीकृति एवं कांग्रेस सेवादल के सचिव (मप्र. प्रभारी) प्रताप नारायण मिश्रा एवं सह प्रभारी सीएम गौतम की सहमति से की गई है।

# जनसुनवाई बनी मजाक, बार-बार शिकायतों के बाद भी नहीं मिलता न्याय

## पटवारी ने बटांकन की जमीन करा दी रजिस्ट्री, रिलायंस का विस्थापित 14 साल से नौकरी के लिए जनसुनवाई के काट रहा चक्कर

**सिंगरौली।** जिले में आम लोगों और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिये उद्देश्य से शुरू की गई जनसुनवाई योजना मजाक बनकर रह गई है. यहां प्रति मंगलवार को जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पैसा और समय बर्बाद कर दूर दराज से लोग शिकायतें लेकर पहुंचते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती लोगों को सिर्फ निराशा हाथ लगती है।

गौरतलब है कि जिले में कई औद्योगिक कंपनियों के आने के बाद स्थानीय लोग विस्थापन का दंश झेल रहे हैं, कंपनियों ने जो विस्थापितों के साथ एमओयू किया था उसका पालन शायद ही कोई कंपनी पूरी तरह कर पाई हो। जनसुनवाई में लगातार विस्थापित अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें न्याय नहीं बल्कि एक तारीख दी जाती है।विस्थापित भगवान दास साह,,रमेश कुमार कुशवाहा, काबिस प्रसाद साह ने कहा कि कलेक्टर से अपनी शिकायतों को लेकर कई बार आवेदन किया लेकिन आवेदन देने के बाद भी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाता. लिहाजा, लोग कई बार



जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं लेकिन न्याय नहीं हो पाता ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि अब जनसुनवाई मजाक बनता जा रहा है।

**केस -1**

भगवानदास शाह निवासी सिद्धीखुर्द शासन अल्ट्रा मेगा पावर रिलायंस कंपनी से विस्थापित है। साल 2011 में 2 एकड़ जमीन और रिहायशी मकान कंपनी ने ले लिया लेकिन 14 साल बाद भी कंपनी में नौकरी नहीं मिली। जबकि जमीन लेते समय कहां गया था कि सभी विस्थापितों को नौकरी दी जाएगी।भगवान दास ने बताया कि 2022 से लगातार जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगा रहा हूं लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा। पहले हम किसान थे इसी जमीन में खेती कर घर परिवार का भरण पोषण होता था, जमीन चली गई तो मजदूर बन गया।

**केस -2**

अतिथि शिक्षक रमेश कुमार कुशवाहा और भैयालाल यादव शासन हाई स्कूल गड़ई गांव में साल 2023-24 में कार्यरत थे। दोनों अतिथि शिक्षक मानदेय के लिए अधिकारियों से आरजू मिन्नत की लेकिन नहीं मिला। मानदेयड के लिए 6 फरवरी 2024 को सीएम हेल्पलाइन भी किया लेकिन उसका भी निराकरण नहीं हुआ। अब जनसुनवाई में पहुंच कलेक्टर से मानदेय दिलाने की गुहार लगाई है।

**केस -3**

जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर में कार्यरत 36 कर्मचारियों को पिछले 6 महीने से कोई भुगतान नहीं किया गया। जिसके वजह से सभी कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से मानदेय दिलाने की मांग की। साथ ही कहा की किसी तरह कर्ज लेकर काम चलाया लेकिन अब कर्जदार उन्हें जीने नहीं दे रहे हैं। पिछले 5 सालों में कोई भी वेतन की बढ़ोतरी नहीं हुई है। ना ही कलेक्टर दर दिया है।

**केस -4**

ग्राम पंचायत क्षेत्र कर्थुआ से आये ददई पनिका ने जनसुनवाई में पटवारी रमेश प्रसाद तिवारी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। फरियादी ने कहा कि पढ़ें लिखे नहीं है।शासन से बटांकन में 5 एकड़ जमीन मिली थी उसी से गुजर बसर हो रहा था। उसी समय पत्नी की मृत्यु हो गई थी मुझे पैसे की जरूरत थी। पटवारी ने 5 लाख के दर से एक एकड़ जमीन बेचने की बात हुई। लेकिन पटवारी ने धोखाधड़ी कर बटांकन की 5 एकड़ जमीन रजिस्ट्री करवा दी।

# मीडियाकर्मी के साथ गाली-गलौच करना रेत चालक को पड़ा भारी

## कोतवाली बैढ़न में चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध

**सिंगरौली।** आज दिन मंगलवार की सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच एक मीडियाकर्मी नो इन्ट्री जोन में खड़े वाहनों का फोटो खीच वीडियो बना रहा था। तभी एक रेत से भरे चालक ने मीडियाकर्मी के साथ अभद्रता करते हुये अशृील गालीगलौच कर जान से मारे की धमकी एवं मोबाईल लूटने का प्रयास करने लगा। जहां पीड़ित मीडियाकर्मी एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। अंततः कोतवाली पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर डम्फर चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध की है।

दरअसल बीती रात तकरीबन 12 बजे एक हाईवा वाहन चालक ने गनियारी के आदर्श जीनियस स्कूल के सामने बाईक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। आरोप है कि रेत से भरे हाईवा वाहन के चालक ने इस घटना का अंजाम दिया। आज सुबह एक मीडियाकर्मी नो इन्ट्री जोन गनियारी पहुंच सड़क के किनारे



खड़े वाहनों का फोटो खीच वीडियो बना रहे थे तभी रेत से भरे डम्फर वाहन क्रमांक एमपी 53 जीए 1671 विकास ट्रांसपोर्ट बिलौंजी के चालक ने मीडियाकर्मी पर भड़क अश्लील गालियां एवं वाहन से कुचलकर जान से मारने की धमकी देते हुये मोबाईल छिनने का हर सम्भव प्रयास किया। मीडियाकर्मी विरोध करने लगा तो वह और तैश में आ गया। इसकी लिखित शिकायत मीडियाकर्मी ने कोतवाली बैढ़न में किया। जहां पुलिस ने आरोपी रेत उम्फर चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296 एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। वही फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई किये जाने पर म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ सिंगरौली ने पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं एएसपी शिवकुमार वर्मा, सीएसपी पीएस परस्ते तथा कोतवाली टीआई अशोक सिंह परिहार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जनसुनवाई में पहुंची जनता, कलेक्टर ने सुनी समस्या



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आए 116 आवेदको के द्वारा अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराते हुये अपना आवेदन दिया गया। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा सभी आवेदको से उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चत जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कई आवेदको की समस्याओं का त्वारित निराकरण कराया गया। साथ ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हो सका,संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी आवेदको से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराएं। साथ निर्देश दिये जन सुनवाई में प्राप्त आवेदनो का गंभीरता के साथ विभागीय अधिकारी निराकरण करे नही तो संबंधितो के विरूद्ध कार्यवाही किया जायेगा।

## युवक ने लगाई फांसी मौत

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र के खुटार चौकी अंतर्गत मंगलवार की भोर में नौगई निवासी एक मानसिक विछिप्त युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खुटार चौकी प्रभारी साहब लाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नौगई गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद शाह पिता जमुना प्रसाद शाह उम्र लगभग 32 वर्ष मानसिक विक्षिप्त था। जो मंगलवार की अल सुबह अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची खुटार पुलिस ने पंचनामा प्रक्रिया उपरांत शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# एसपी ने प्रत्येक फरियादी की सुनी समस्या, प्रभारियों को कार्यवाही के दिये निर्देश

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेन्द्र सिंह, महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रियंका शर्मा, चौकी प्रभारी सासन श्रीमती प्रियंका मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में



विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला अधिकारी-कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# विंध्याचल में सीआईआई एक्जिम बैंक मूल्यांकन का किया शुभारंभ

**सिंगरौली।** राष्ट्र का विशालतम विद्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल ने सीआईआई एक्जिम बैंक मूल्यांकन की शुरुआत एक भव्य कार्यक्रम के साथ की। जिसका नेतृत्व कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई. सत्य फणि कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा के साथ-साथ अन्य विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। विनीत शर्मा के नेतृत्व वाली मूल्यांकन टीम में मिलिंद वैद्य,




शैलेन्द्र जयाल, सतीश बाला और मलय गोराडिया जैसे मूल्यांकनकर्ताओं का एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल था। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार द्वारा एनटीपीसी और विंध्याचल परियोजना के रणनीतिक महत्व के बारे में प्रस्तुति के साथ हुई। उन्होंने निरंतर फीडबैक और सुधार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्टेशन अपनी परिचालन और प्रबंधकीय क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के सुझावों को परिश्रमपूर्वक शामिल करेगा। प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता का पारंपरिक शॉल और श्रीफल देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जिससे व्यापक समीक्षा प्रक्रिया के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल तैयार हुआ।

# बिहार से दो युवतियों को मोरवा पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** मोरवा पुलिस ने बिहार के गया जिले के डोभी गांव से दो युवतियों को दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर को ग्राम चकरिया की 21 वर्षीय युवती परिजनों को बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जहां पुलिस ने गुमशुदा की रिपोर्ट कायम कर पता तलाश करने में जुट गई। वहीं 11 अक्टूबर को ग्राम बडगड़ निवासी एक 20 वर्षीय युवती की गुमशुदा की रिपोर्ट कायम कर पता तलाश की जाने लगी। जिस



पर सायबर सेल सहित मुखबिर की जरिए सूचना मिली की दोनो युवती को बिहार गया जिला के ग्राम डोभी में है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी ने एक पुलिस टीम गठित कर तत्काल बिहार के गया जिला रवाना किया। जहां से पुलिस टीम ने दोनो युवतियों को दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया। उक्त दस्तयाबी में सउनि प्रवीण मरावी,प्रआर अर्जून सिंह,विपिन तोमर,सायबर सेल से सोबाल वर्मा सहित अन्य की भूमिका रही।

## कमिश्नर ने सुनी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री श्रीमन शुक्ला ने आज साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग से आए दूर-दराज के लागों की समस्याएं और शिकायतें सुनी तथा समस्याएं और शिकायतों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साप्ताहिक जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, उपायुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्रीमती ऊषा सिंह, अपर संचालक शिक्षा श्री सहदेव सिहं मरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में धम्म प्रकाश पर्व का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति के तत्वावधान में धम्म प्रकाश पर्व एवं डॉ अंबेडकर विद्यालय का स्थापना दिवस स्थानीय अंबेडकर भवन में मनाया गया। एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर के तहत डॉ अंबेडकर विद्यालय अनुसूचित जाति,अनु.जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति एनटीपीसी शक्तिनगर द्वारा संचालित है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा डॉ अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर हुई। इस अवसर पर राजीव अकोटकर द्वारा अपने संबोधन में सभी उपस्थित जनों को डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरित हो कर समाज कल्याण हेतु समर्पित होने का आग्रह किया गया एवं सभी को धम्म पर्व की बधाई दी गयी।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं और शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में अब्दुल मोइन खान निवासी वार्ड क्रमांक 1/3 शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरी पुत्री गुलजान खान को ब्रेन ट्यूमर की बीमारी है। मेरे परिवार कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मैं अपनी पुत्री का अच्छी तरह से इलाज कराने में असमर्थ हूं। उनका कहना था कि उन्हें उनके इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाए जिससे वे अपनी पुत्री गुलजान खान का उचित इलाज करा सकें। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शोभा बाई बसोर पति श्री राजेश बसोर निवासी ग्राम कठौतिया टिकुरी टोला ग्राम पंचायत मझौली तहसील गोहपारू ने आवेदन देकर बताया कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मेरा परिवार शासन के मापदंड के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में आता है। किन्तु मुझे अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिलाया गया है। उनका कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शहडोल के पाण्डवनगर निवासी श्री शिवम गुप्ता ने आवेदन कर बताया कि दिवाकर मिश्रा नवागांव (खन्नौधी) निवासी द्वारा 8 मई 2024 को मेरे से जॉब दिलाने के नाम पर 18 हजार 700 रूपये ऑनलाइन एवं 11300 रूपय नगद की राशि ली गई है और आज तक जॉब नही दिलाया गया। मेरे द्वारा उक्त राशि मागने पर राशि देने के मना कर रहा है। उनका कहना था कि मेरी उक्त राशि वापस दिलाई जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए अन्य लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर. अंजली, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी के शासन में अबोध बालिकाओं तथा बुजुर्ग महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं निरंतर हो रही हैं। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाया है। मप्र कांग्रेस के निर्देशानुसार 14 अक्टूबर को आंदोलन के अंतिम दिन जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं पूर्व विधायक सरस्वती सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चितरंगी विधानसभा क्षेत्र की विधायक व मध्य प्रदेश शासन में पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री राधा सिंह को ज्ञापन सौंप कर बेटियों और महिलाओं के सुरक्षा कराए जाने की मांग की है। ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में प्रदेश की बेटियों और महिलाओं की रक्षा और सुरक्षा करने में पूरी तरह से असफल है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 170 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश





**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 170 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम अमिलिया से आये विष्णु बहादुर सिंह चंदेल ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि लकवा के कारण वह चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले एक बार ट्राई सायकिल प्राप्त हुई थी लेकिन अब वह चलने लायक नहीं थी। उक्त आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंह द्वारा उन्हें ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर विष्णु बहादुर खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की जांच के निर्देश जारी

**सीधी।** त्यौहारों के दौरान दुकानदारों द्वारा मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की बिक्री की जाती है, जिसको खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जांच दल गठित कर जिला अंतर्गत समस्त दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त खाद्य सामग्रियों की सैम्पलिंग की जावे एवं जॉच पश्चात दोषी पाये जाने वाले संचालकों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी जिला सीधी (म.प्र.) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## रीजनल इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव के संबंध में बैठक 16 अक्टूबर को

**सीधी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 23.10.2024 ''रीजनल इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव'' के आयोजन जिला मुख्यालय रीवा में किया जाना प्रस्तावित है। सीधी जिले के उद्यमियों एवं निवेशकों की उपरोक्त आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जिला स्तर पर एमएसएमई इकाईयों की अपेक्षाओं एवं समस्याओं पर चर्चा के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में दिनांक 16.10.2024 को समय 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का अयोजन किया गया है।

# बुधवार को होगा समाधान दिवस का आयोजन

### जनपद मुख्यालयों में होगा शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन

**सीधी।** समाधान ऑनलाइन में चयनित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार बुधवार 16 अक्टूबर को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि बुधवार को जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी शिविर में उपस्थित रहेंगे। चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर तथा विभागीय समन्वय कर अधिकतम शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएंगे।

समाधान दिवस के आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज नोडल अधिकारी होंगे। खंड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी होंगे।

आवास सहायता योजना की राशि प्राप्त न होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होना आवास सहायता आदिम जाति कल्याण विभाग, छात्रावासों में आवास/भोजन/साफ सफाई आदि की सुविधा न होनाध्प्रवेश न मिलने/ अतिक्रमण/ छात्रावास में अधीक्षक/कर्मचारियों से संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), जननी सुरक्षा योजना/मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) अंतर्गत पात्रता के अनुसार राशि प्राप्त न होने के संबंध में (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), नवीन राशन कार्ड जारी करना (नया राशन कार्डध्पात्रता पर्ची बनवाने के संबंध में) खाद्य आपूर्ति विभाग, नामांतरण संबंधी राजस्व मामले एवं बंटवारा संबंधी मामले (राजस्व विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वीकृत आवास की राशि प्रदान करने के संबंध में (प्रधानमंत्री आवास योजना), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित दिनांक 01.01.2017 से प्रारम्भ (महिला एवं बाल विकास), पोस्ट मेट्रिक/प्रवीण्य/विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नहीं मिलने संबंधी (पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), बिजली न आने/वोल्टेज से संबंधित (ऊर्जा विभाग), मध्यप्रदेश असंगठित शहरीध्ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित (मध्यप्रदेश असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्ड संबल योजना-श्रम विभाग), विवेचना में विलंब व लापरवाही करना, समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नही करना, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्यवाही विवेचना न करना (पुलिस), शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति प्राप्त न होना, विलंब से प्राप्त होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक शिक्षनार्थियों के लिए छात्रवृत्ति न मिलने संबंधी (लोक शिक्षण) एवं 100 दिवस से लंबित समस्त शिकायतें समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं।

# विकासखण्ड स्तरीय प्रयोगशालाओं में युवा उद्यमियों व संस्थाओं के चयन हेतु आवदेन 18 अक्टूबर 2024 तक

सीधी

सीधी जिले हेतु विकासखण्ड स्तरीय 04 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में विकास खण्ड मझौली, रामपुर नैकिन, कुसमी, सिहावल हेतु युवा उद्यमियों/संस्थाओं का चयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत जिले में विकासखण्ड स्तरीय स्थापित 04 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में युवा उद्यमियों/संस्थाओं द्वारा मृदा नमूना परीक्षण कराए जाने के लिए, इन प्रयोगशालाओं को युवा उद्यमिया/संस्थाओं को आवंटन हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन 18 अक्टूबर 2024 तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं एवं एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क केन्द्र के माध्यम से भरा जा सकेगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में अद्यतन सूचनाएँ एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

आवेदन की संक्षिप्त सूचना कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारियों से अपील की है कि इसका प्रचार-प्रसार कर युवा उद्यमी एवं कृषि संबंद्ध संस्थाओं से अधिक से अधिक आवेदन करावे।

# पेंशन शिविर का आयोजन 21 से 25 अक्टूबर तक

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीधी।** म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम- 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 30.09.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु पेंशन शाखा लिपिक के साथ जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर में पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं कराये जाने की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित अधिकारियों का माह अक्टूबर 2024 का वेतन रोका जावेगा।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.10.2024 से 25.10.2024 तक पेंशन शिविर का आयोजन पेंशन कार्यालय सीधी में किया गया है। पेंशन शिविर के शाखा प्रभारी त्रिवेणी दास कोल सहायक पेंशन अधिकारी होंगे। जिन कार्यालय प्रमुखों द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किया गया है उन्हें भी निर्देशित किया गया है कि पेंशन शिविर में उपस्थित होकर पेंशन प्रकरण निराकरण कराये।

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ लेने पोर्टल पर करायें पंजीयन

**सीधी।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मछुआरों, मत्स्य कृषकों, मत्स्य विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियों/मछुआ समूह के सदस्यों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिये नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल पर मत्स्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्तियों का पंजीयन किया जाना है। इस पोर्टल का उद्देश्य मत्स्यपालन के व्यवसाय से जुड़े समस्त हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर लाना है। पंजीयन हेतु एनएफडीपी पोर्टल जहाँ व्यक्तिगत तथा संस्था के रूप में पंजीयन के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। व्यक्तिगत पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर हैं जबकि संस्था के रूप में पंजीयन हेतु समिति/समूह का पैन कार्ड तथा पंजीयन प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। उक्त पंजीयन हितग्राही द्वारा स्वयं अथवा अपने आस पास उपलब्ध कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से कराया जा सकता है तथा पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में कक्षा 9वी तथा 11वी में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

### ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन विद्यालय की वेबसाइट पर प्रारंभ हो गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30.10.2024 है। अभ्यर्थी का जन्म कक्षा 9वीं के लिए दिनांक 01.05.2010 से 31.07.2012 एवं कक्षा 11वीं के अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.06.2008 से 31.07.2010 के बीच होना चाहिए, अभ्यर्थी सीधी जिले का निवासी होना चाहिए एवं सीधी जिले में ही कक्षा 9वीं के लिए 8वीं में एवं कक्षा 11वीं के लिए 10वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। पात्रता पूर्ण करने वाले अधिक से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करें। परीक्षा 08 फरवरी 2025 होगी। कक्षा 09 के लिए वेबसाइट एवं कक्षा 11 के लिए वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

# बॉलीबॉल प्रतियोगिता में रीवा संभाग के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सीधी।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में आयोजित बॉलीबॉल प्रतियोगिता में रीवा संभाग के विभिन्न जिलों के छात्रों ने प्रतिभा किया जिसमें सीधी जिले से सौरभ सिंह का चयन हुआ था और उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए पूरी टीम के साथ मिलकर खेला जिसके फलस्वरुप रीवा संभाग ने राज्य स्तर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस जीत पर उनके अभिभावक तथा समस्त क्षेत्रवासी उत्साहित हुए। सौरभ सिंह यूटीसीएल प्लांट बघवार द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र हैं तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते रहते हैं। खेल के प्रति इनकी मेहनत और लगन को देखते हुए विद्यालय के खेल शिक्षक प्रकाश प्रजापति ने उनका मार्गदर्शन किया और प्रशिक्षण दिया जिसके फलस्वरुप उन्होंने विद्यालय के साथ-साथ अपने जनपद का भी नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन के साथ विद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार पाण्डेय एवं अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरणा शब्द कहे।

# पुलिस द्वारा पकड़ी गई 127 नग कोरेक्स, आरोपी गिरफ्तार

**सीधी।** नशा विरोधी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने 23000 रूपये कीमती 127 नग आनरेक्स कफ सिरप जप्त कर आरोपीया को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने 23000 रुपए कीमती 127 नग कफ सिरप के साथ आरोपिया को गिरफ्तार कर मामला पंजीबद्ध किया है। पूरे मामले की जानकारी के तहत 14 अक्टूबर को थाना कोतवाली पुलिस को मुखविर सूचना मिली कि ग्राम रामपुर की एक महिला अपने घर में अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स लेकर ग्राहको का इंतजार कर रही है।

थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया, जहा एक महिला बैठी मिली जिसके घर एवं आसपास की तलाशी लेने पर घर के पीछे बाड़ी के पास एक सफेद रंग की बोरी मिली जिसे समक्ष गवाहों के खोलकर चेक किया गया जिसमे 127 शीशी नशीली कफ सिरप कीमती 23,000 रूपये पाया गया जो उक्त संदेहिया/आरोपिया से अवैध नशीली कफ सिरफ बिक्री करने के संबंध मे वैध दस्तावेज की मांग की गई जो नही होना बताये तथा अवैध नशीली कफ सिरप के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए उक्त नशीली कफ सिरप भास्कर पाण्डेय निवासी नूतन कॉलोनी सीधी से लाना बताई। आरोपिया से उक्त अबैध नशीली आनरेक्स कफ शीरप 127 नग कीमती 23000 रूपये की जप्ती की जाकर आरोपिया का उक्त कृत्य धारा 5/13 मप्र ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम एवं 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय उनि आकाश राजपूत, पूनम सिंह, प्रधान आरक्षक ममता पाठक, आरक्षक सुरेंद्र बैस, शिवेंद्र मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, आरक्षक चालक सुरेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

# ढाबा में निरीक्षण करने गए लेबर इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की शिकायत



**सीधी।** शहर के मिस्टर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक ढ़ाबे में निरीक्षण करने गए श्रम विभाग के इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की शिकायतें मिली हैं। जिसकी जानकारी कोतवाली में भी इंस्पेक्टर द्वारा दर्ज कराई गई वहीं मामले में कोतवाली में ढ़ाबा संचालक द्वारा भी अलग तरह से शिकायत दर्ज कराई है। पूरे मामले में क्या सच्चाई है जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप के पास एक ढ़ाबे में 11 अक्टूबर को श्रम निरीक्षक द्वारा जांच की गई जिसमें कि कुछ नाबालिग लडके़ काम करते देखे गए। जिसकी फोटोग्राफी होने के दौरान श्रम इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की वारदातें की गई। जिसमें शिकायत संबंधित इंस्पेक्टर द्वारा कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज कराई गई। वहीं ढ़ाबा संचालक द्वारा भी यह शिकायत दर्ज कराई गई है कि मेरे यहां श्रम विभाग के इंस्पेक्टर आए थे उनके द्वारा एक लडका़ खाना खा रहा था उसका वीडियो बनाया गया जो गलत था जिसका हमने विरोध किया तो उस पर वह आग बबूला हो गए। जिस वजह से हमने मारपीट की वारदातें नहीं की लेकिन शिकायतें हुई हैं। वहीं श्रम विभाग के इंस्पेक्टर द्वारा मामले को लेकर जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। वह भयभीत हैं कि कहीं उनके साथ कोई अप्रिय वारदातें न घटित हों।

नगर निरीक्षक कोतवाली अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि दोनो पक्षों से आवेदन मिला है। जिसमें कि श्रम विभाग के इंस्पेक्टर द्वारा यह आवेदन दिया गया है कि मेरे साथ मारपीट की वारदातें हुई हैं। वहीं ढ़ाबा संचालक द्वारा आवेदन दिया गया है कि एक लडका़ खाना खा रहा था उस दौरान वह वीडियो बना रहे थे। ऐसे में दोनो पक्षों की शिकायत पर जांच प्रक्रिया विचाराधीन हैं। जांच के बाद जो दोषी होंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

देखा जाए तो जिले के ढ़ाबों सहित होटल एवं अन्य व्यापारियों द्वारा नाबालिग बच्चों से काम ले रहे है इस मामले की शिकायत होती है। श्रम विभाग के साथ जो मारपीट की वारदातें घटित हुई हैं ऐसे में उनके द्वारा दी गई शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं की जाएगी तो वह लाचार होंगे। ऐसे में जरूरी है कि पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच कर जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।

## दो दिवसीय कजरी महोत्सव का उद्घाटन होगा कल

**सीधी।** मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल के सहयोग से मडिका कला एवं संस्कृति संस्थान और जिला प्रशासन के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम के तहत आगामी 17, 18 अक्टूबर को दो दिवसीय कजरी महोत्सव का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में किया जा रहा है। 17 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में शाम 6 बजे से लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। एक पेड़ मां के नाम दो दिवसीय कजरी महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य, प्रसिद्ध बीरबल की जन्मस्थली घोघरा को विश्व पर्यटन के रूप में विकसित करने एवं इसे वैश्विक पहचान देने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आ रहे कलाकारों की शानदार प्रस्तुति जिसमें गायन, वादन, नृत्य एवं नाटिका की शानदार प्रस्तुति एवं घोघरा की ऐतिहासिक सुंदर झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

# एसपी कार्यालय पहुंचकर किशोरी के परिजनों ने की कार्यवाही की मांग

### प्रताड़ना से तंग आकर किशोरी ने की थी आत्महत्या, पांच आरोपियों पर अपराध दर्ज

**सीधी।** नाबालिग की मौत के बाद परिजन आज भारी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और धरना करते हुए नाबालिक के साथ गैंगरेप और हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। धरने के दौरान लोगों का आक्रोश देखते हुए मौजूद पुलिस बल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का गेट तक बंद कर दिया, लेकिन उनका आक्रोश बढ़ता ही गया इस बीच पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित परिजनों से बातचीत की है। बताया गया कि आरोपियों द्वारा नाबालिग का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था जिससे तंग आकर किशोरी ने आत्मघाती कदम उठाया। फिलहाल परिजनों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई



किए जाने की मांग की गई है।

ज्ञात होवे कि जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र की निवासी कक्षा 11वी में पढ़ने वाली 15 वर्षीया किशोरी की फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में जमोड़ी पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। अपराधियों द्वारा किशोरी से अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने की धमकी दी जा रही थी, उसके साथ मारपीट भी की गई थी। बीते 9 अक्टूबर को स्कूल से लौटने के बाद परिजनों को बगैर कुछ बताये पीड़िता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, उसने सुसाइड नोट में अपने साथ हुई घटना का उल्लेख करते हुए आरोपियों का नाम भी लिखा था। मर्ग जांच के बाद जमोड़ी पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है, वहीं पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रिश्तेदार लेकर गया था गोरियरा बांध

किशोरी के दूर के रिश्तेदार ने उसे मोबाईल दिया था, जिसकी परिजनों को जानकारी नहीं थी। उसी के साथ घटना दिनांक को किशोरी शहर के नजदीकी गोरियरा बांध गई थी, वहीं अन्य आरोपियों के साथ मिलकर उसके साथ अश्लील हरकत व वीडियो बनाकर उसके साथ मारपीट की गई, और धमकी दी गई। जहां से लौटने के बाद किशोरी ने आत्महत्या की थी।

### की जा रही विवेचना

*घटना की हर पहलू के आधार पर गहराई से जांच की जा रही है, सूसाइड नोट व परिजनों के कथन के आधार पर प्रथम दृष्टया पांच आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है।*

**अरविन्द श्रीवास्तव,**
**एएसपी सीधी**

## संपादकीय

# सबकी सुरक्षा जरूरी

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले और मंदिर से चोरी की खबरों ने एक बार फिर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मसले को केंद्र में ला दिया है। भारत ने ठीक ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्ते का एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। पिछले अगस्त महीने में छात्र आंदोलन के बेकाबू होने और फिर सत्ता परिवर्तन का कारण बनने के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की घटनाएं हुईं। तब नई सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने हालांकि इन हमलों को रोके जाने का आह्वान किया, लेकिन यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इन घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उनका यही रुख अब तक बना हुआ है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा देने वाली है। जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। पूरे देश में इस तरह की 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ध्यान रहे, बांग्लादेश में सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस शुरुआती अस्थिरता से उबर चुके हैं। सत्ता पर उनकी पकड़ काफी हद तक बन चुकी है। इसका अंदाजा इस बात से भी होता है कि जल्द से जल्द चुनाव का वादा करते हुए सत्ता संभालने वाले यूनुस अब कहने लगे हैं कि सुधार का अजेंडा पूरा होने से पहले चुनाव नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। वक्त आ गया है कि बांग्लादेश की सरकार जहां-तहां हमले करने और ऊलजलूल बयान देने वाले ऐसे तत्वों को काबू करते हुए यह संदेश दे कि वहां हालात सरकार के नियंत्रण में है और अराजकता का राज नहीं है।

**भारत के सामने यह समस्या है कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था को भी संभालना है। उसके लिए चीन के साथ भारत के संबंध ऐसे होने चाहिए जिससे चीन से जरूरी सामान मिलते रहें। हमारी मैन्युफैदैनिक भास्कर रिंग बढ़ती रहे, क्योंकि हमें अपना मैन्युफैदैनिक भास्कर रिंग सेक्टर भी ग्रो करना है और बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को संभालना है। भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए, उस कोशिश में वह लगातार लगा है। दूसरी तरफ भारत को चीन से जो सामरिक खतरा है उससे भी निपटना है। चीन ने सामरिक मुद्दों पर, बॉर्डर के मुद्दों पर, राजनीतिक डिप्लोमेटिक मुद्दों पर जिस तरह से भारत को नजरअंदाज किया है।**

# लेबनान में पेजर, वॉकी-टॉकी फटने से बढ़ा खतरा, क्यों जरूरी है चीनी सामानों की सुरक्षा जांच

(हर्ष वी. पंत)

पिछले दिनों खबर आई कि भारत सरकार चीनी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों जैसे स्मार्ट मीटर, पार्किंग सेंसर, ड्रोन पार्ट्स, यहां तक कि लैपटॉप और पीसी की भी सुरक्षा जांच करने पर विचार कर रही है। यह दो तरह से महत्वपूर्ण बात है। एक तो यह कि जो कुछ मध्य पूर्व में हो रहा है, जिस तरह से इस्राइल ने वॉकी-टॉकी, पेजर अटैक किए हिजबुल्लाह के खिलाफ, उससे युद्ध की तस्वीर बदल रही है और उसमें टेक्नॉलजी की भूमिका काफी बढ़ गई है। भारत का सबसे बड़ा सिक्योरिटी चैलेंज चीन है तो यह भी स्वाभाविक है कि वह चीन पर या चीन से इंपोर्ट हो रहे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की निगरानी करने की कोशिश करेगा। यह बदलती हुई तस्वीर है जियो पॉलिटिक्स की, टेक्नॉलजी की और युद्ध की, जिसे ध्यान में रखते हुए भारत ने यह कदम उठाया है।

## चीन पर निर्भरता

दूसरी बात, चीन भारत के लिए बहुत बड़ा एक स्ट्रैटिजिक चैलेंज बना हुआ है। 2020 में जबसे गलवान की घटना हुई है, उसके बाद भारत ने बहुत प्रखरता के साथ चीन की आक्रामकता का जवाब दिया है। भारत ने यह कोशिश की है कि वह चीन के सामने सामरिक तौर पर खड़ा हो पाए और उस पर आर्थिक निर्भरता कम कर पाए। हालांकि आर्थिक निर्भरता अभी बहुत कम हुई नहीं है, ट्रेड अभी भी चीन के साथ काफी ज्यादा है और हमारी डिपेंडेंस जो खासकर इंटरमीडिएट गुड्स की है, जिनसे हमारे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम होते हैं, वह बहुत ज्यादा है।

## अर्थव्यवस्था की मांग

भारत के सामने यह समस्या है कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था को भी संभालना है। उसके लिए चीन के साथ भारत के संबंध ऐसे होने चाहिए जिससे चीन से जरूरी सामान मिलते रहें। हमारी मैन्युफैक्चरिंग बढ़ती रहे, क्योंकि हमें अपना मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भी ग्रो करना है और बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को संभालना है। भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए, उस कोशिश में वह लगातार लगा है। दूसरी तरफ भारत को चीन से जो सामरिक खतरा है उससे भी निपटना है। चीन ने सामरिक मुद्दों पर, बॉर्डर के मुद्दों पर, राजनीतिक डिप्लोमेटिक मुद्दों पर जिस तरह से भारत को नजरअंदाज किया है, उसके हितों को नजरअंदाज किया है, वह सबके सामने है। भारत इसे कैसे बैलेंस कर पाता है, यह उसकी चाइना पॉलिसी के लिए बहुत इंपॉर्टेंट है।

## नीति का चैलेंज

चीन के इलेक्ट्रॉनिक गुड्स की सिक्योरिटी जांच एक तरह से मेजर पॉलिसी मूव है। यह दिखाता है कि किस तरह से भारत चीन को साध रहा है, और जो बढ़ते हुए खतरे हैं उनसे निपटने की कोशिश कर रहा है। दोनों का अगर आप मिला-जुला नतीजा देखें तो इस पॉलिसी में आपको दिखता है कि यह ना सिर्फ सामरिक मुद्दों पर या बदलती हुई तकनीक से जो सिक्योरिटी रिस्क बन रहे हैं, उनसे प्रेरित है बल्कि चीन जो भारत का सबसे बड़ा चैलेंज और बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है उसको भी टारगेट करने की कोशिश है।



## बैलेंस बनाना होगा

अब तक जो पॉलिसी रही है, उस पर गौर करें तो साफ हो जाता है कि चीन को लेकर भारत में एक तरह का अंतर्द्वंद्व चल रहा है कि उसके साथ किस तरह के संबंध बनाए जाएं। गलवान के बाद यह कोशिश की गई कि हम चीन पर जिस तरह से आर्थिक तौर पर निर्भर हैं, उसे कम करेंगे। दूसरी तरफ हम यह कोशिश करेंगे कि सामरिक तौर पर उनके सामने खड़े हो पाएं। सामरिक मोर्चे पर तो भारत काफी हद तक कामयाब कहा जा सकता है लेकिन आर्थिक तौर पर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाना आसान नहीं है। खास तौर पर भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को इसमें परेशानी हो रही है, क्योंकि वह चीन से इंपोर्ट पर डिपेंडेंट है। तो वह डिपेंडेंसी कैसे कम की जाए, और कैसे चीन के साथ आर्थिक संबंधों को सामरिक संबंधों के साथ एक तरह से बैलेंस में लाया जाए, यह भी भारत को देखना है।

## तकनीकी रिश्ते

इस विषय पर कुछ विचार भी बजट के समय प्रकट किए गए थे। भारत के वित्त मंत्रालय के जो इकॉनमिक अडवाइजर हैं, उन्होंने कहा था और अब आगे आने वाले समय में यह बात और आगे बढ़ेगी। हालांकि भारत ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है। उन्होंने यह नहीं कहा है कि हम पुनर्विचार कर रहे हैं, लेकिन एक तरफ भारत अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाना चाह रहा है और दूसरी तरफ चीन से डिपेंडेंस को कम करना चाह रहा है। इसे देखते हुए भारत के लिए यह भी स्वाभाविक हो जाता है कि वह चीन के साथ जो टेक्नॉलजिकल रिलेशनशिप है, उसे कैसे साधता है

## नित नए प्रयोग

इसमें जो इलेक्ट्रॉनिक्स इंपोर्ट हैं, उन्हें लेकर एक डर भारत में बना हुआ है। जिस तरह से चीन ने भारत को हर स्तर पर टारगेट करने की कोशिश की है, उससे यह और स्वाभाविक हो जाता है। अगर हमारी इलेक्ट्रॉनिक्स में या किसी सेक्टर में इतनी डिपेंडेंस है चीन के ऊपर और चीन डोमिनेट करता है सप्लाई चेन को तो चीन का पलड़ा भारी हो जाता है, जिसे भारत को खत्म करना होगा। मुझे लगता है उसके लिए भी यह जरूरी है कि जो टेक्नॉलजी है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर है, उसकी सिक्योरिटी को भारत किस तरह से बचा पाता है। इसे देखते हुए भारत ने कुछ प्रयोग किए हैं और प्रयोग करने की कोशिश हो रही है और सिक्योरिटी चेक्स की बात इसी का नतीजा है। अब सवाल इसमें दो उठते हैं। एक तो यह कि कितनी दूर तक यह प्रयोग जा सकता है और दूसरा यह कि कितनी दूर तक भारत इसको ले जाता है (लेखक लंदन के किंग्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं)

**हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आंकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देश भर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे, कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी।**

# हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

(सुरेश हिंदुस्तानी)

हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्ता अब साफ हो गया है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी।

अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खासी सफलता नहीं मिली। जम्मू कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की प्रत्याशा थी, लेकिन वहां धारा 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिला जुला जनादेश मिला है। वहीं हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी, लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सत्य है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था। क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को ज़मीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिलकुल दोस्त जैसे ही हैं, लेकिन वे मुंह में राम बगल में छुरी रखकर चलते हैं। जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी।



हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आंकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देश भर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे, कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है, लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं।

हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्ता अब साफ हो गया है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सत्ता के सिंहासन से उतार कर भाजपा ने यह संकेत तो कर ही दिया था कि भाजपा के पक्ष में सब कुछ ठीक नहीं था। भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर इस माहौल को परिवर्तित करने का प्रयास किया।

## वर्ग पहेली 5523

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| ■ | 9 | | ■ | 10 | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | ■ |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | 19 | | |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. रेग्युलेटिंग एक्ट के तरत भारत के इस शहर में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गई थी (4)
4. यह इजराइल की गुप्तचर संस्था का नाम है (3)
7. टांका, सिलाई का जोड़ (3)
8. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, रनिवास, अंतपुर (3)
9. समया हुहआ, तन्मय, ध्यानमग्न (3)
11. सहित, समेत (2)
12. शरीर की सबसे छोटी हड्डी स्टेपिस इस अंग मे स्थित है (2)
13. वर्तमान का विश्व प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर, अत्यंत विशाल (3)
14. भास्कर, दिनपति, दिनकर (3)
16. पुत्र, पूत, सुत (2)
18. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
20. प्रबल अभिलाषा, गहरी चाल (3)
22. प्रवाहित होना, धारा में आगे बढ़ना (3)
23. ध्वनि करना, बजाना (3)
24. बरसात की ऋतु में गाया जाने वाला गीत, काली आंखों वाली गाय (3)

ऊपर से नीचे
1. भारत की इस नदी को संहारलीला से दुखित होकर लोग इसे बिहार की शोक नदी कहकर पुकारने लगे थे (2)
2. प्रेमासक्त, अनुरागी, दीवाना, प्रेमलीला (4)
3. वन, जंगल, अरण्य (3)
4. जमाया हुआ मिट्टी का तेल, भ्रमरज (2)
5. हिम्त, जीवटता, बल प्रयोग (3)
6. तैयारदाल के बीज (4)
10. साफ इंकार (5)
12. बुलाने की घंटी (4)
13. वियोग, अभाव, अविद्यामानता (3)
15. दुल्हन, नवविवाहिता (उर्दू) (4)
17. टरकाना, स्थगित कर देना (3)
19. खुशबू, सुगंध, गमक (3)
21. ऊंचाई (केवल प्राणियों के लिए) (2)

### वर्ग पहेली 5522 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | ही | र | ■ | ■ | ज | मै | का |
| ला | ज | वा | ब | ■ | वा | दा | ■ |
| अ | ■ | दा | दा | मु | नी | ■ | स्पे |
| म | क | र | ■ | खा | ■ | बा | न |
| र | वि | ■ | वि | कृ | ति | ■ | ■ |
| ना | ता | ■ | शा | ति | र | ■ | दा |
| थ | ■ | मू | ल | ■ | सि | या | सी |
| ■ | श | त्य | ■ | मु | रा | द | ■ |

# कंपनियों को समाज की बेहतरी में योगदान देना चाहिए

(नादिर गोदरेज)

हम बहुत दुख के साथ दूरदर्शी नेता श्री रतन टाटा को विदाई दी। दुनिया ने एक ऐसे व्यक्ति को खो दिया है, जिसका जीवन ईमानदारी, करुणा और न केवल सफल



कंपनियों, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता से जुड़ा था। टाटा समूह के शीर्ष पर रतन टाटा का नेतृत्व परिवर्तनकारी से कम नहीं रहा है।

## 'प्रॉफिट को उद्देश्य के साथ सह-अस्तित्व में होना चाहिए'

ऐसे युग में जहां व्यवसाय अक्सर शॉर्ट टर्म प्रॉफिट को प्राथमिकता देता है, रतन टाटा लॉन्ग टर्म सोच के एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़े थे। उनका मानना था कि प्रॉफिट को उद्देश्य के साथ सह-अस्तित्व में होना चाहिए और कंपनियों को समाज की बेहतरी में योगदान देना चाहिए। यह एक ऐसा दर्शन है जो उद्यमियों और बिजनेस लीडर्स की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

उनके नेतृत्व में ग्रुप फला-फूला और भारत ने प्रतिष्ठित ग्लोबल ब्रांडों का उदय देखा। फिर भी उनकी असली प्रतिभा धन या प्रशंसा अर्जित करने में नहीं थी, बल्कि ऐसे संस्थानों का निर्माण करने में थी, जो नैतिकता के मूल्यों और समावेशी विकास के लिए एक दृष्टिकोण को बनाए रखते थे।

## कैसे असाधारण शख्सियत थे रतन टाटा

नैतिकता, पारदर्शिता और इनोवेशन पर उनके ध्यान ने इंडियन इंडस्ट्री के मूल ढांचे को नया आकार दिया और कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए नए ग्लोबल मानक स्थापित किए, लेकिन उनकी पेशेवर उपलब्धियों से परे, यह श्री टाटा की मानवता थी जिसने उन्हें वास्तव में असाधारण बना दिया। उनकी उदारता, सामाजिक कारणों के प्रति उनका समर्पण और हाशिए पर पड़ी कम्यूनिटिज के कल्याण के लिए उनकी ईमानदारी से चिंता इस बात को दर्शाती है कि वे किस तरह के व्यक्ति थे। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या आपदा राहत में उनका योगदान हो, उनका प्रभाव गहरा और दूरगामी था। रतन टाटा एक बिजनेस लीडर से कहीं बढ़कर थे। भारत और दुनिया उनकी वजह से बहुत बेहतर हुआ। (लेखक गोदरेज इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं)

# आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्य साथ दे रहा है और सफलता आपके कदम चूमेगी और आपकी खूब तरक्की होगी। आपके काम से आपके बॉस भी खुश रहेंगे और आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको हर कदम पर उनका साथ मिलेगा। बिजनस से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### वृषभ

आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन संतोष और शांति का रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आपको ऑफिस के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। नए अनुबंध होने की संभावना है, जिससे आपकी पदोन्नति होगी और आपके जीवन में मन प्रसन्न रहेगा।

### तुला

आज लाभ होगा और आनंद में वृद्धि होगी। आपके आस-पास का माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। काफी दिनों से चली आ रही आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। विरोधियों का अंत होगा। यात्रा का कार्यक्रम स्थगित हो सकता है।

### वृश्चिक

आज दिन लाभदायक रहेगा। आर्थिक मामलों में रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और हर काम में भाग्य आपका साथ देगा। बिजनस में लाभ होगा और धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आपकी किस्मत साथ देगी और सारी योजनाएं सफल होंगी।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको करियर से जुड़े फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए। नुकसान होने की आशंका है। संतान की शिक्षा में सफलता मिलेगी, जिससे आपको खुशी होगी। कोई कीमती वस्तु खोने या चोरी होने का डर सता सकता है।

### कर्क

आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए प्रॉपर्टी खरीदने के योग बन रहे हैं। करियर में तरक्की होगी और मान-समान बढ़ेगा। संतान से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा कर पाएंगे। सारे रुके हुए काम पूरे होंगे। यात्रा सुखद रहेगी।

### धनु

आज लाभ होगा और करियर में भाग्य का साथ मिलेगा। सरकार और सत्ता पक्ष से लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। धन में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा।

### मकर

आज नौकरी में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। सहकर्मी आपका साथ देंगे। शाम के समय किसी भी झगड़े से बचें। रात में मेहमानों के आगमन के योग हैं और आपकी तरक्की होगी। माता-पिता का ख्याल रखें। धन में वृद्धि होगी और योजनाएं पूरी होंगी।

### सिंह

आज दिन लाभदायक रहेगा। कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मीठा बोलने से आपको फायदा होगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। बिजनस में सफलता मिलेगी। ज्यादा भागदौड़ करने से आपकी सेहत खराब हो सकती है। कुछ वक्त आराम करें तो आपको लाभ होगा।

### कन्या

आज लाभ होगा और नौकरी में चल रहे प्रयास सफल होंगे। आपको अपार सफलता मिलेगी और आपको संतान पक्ष के लोगों से काफी संतोषजनक समाचार प्राप्त होगा। दोपहर बाद किसी कानूनी मामले में जीत मिल सकती है। शुभ खर्च और यश में वृद्धि होगी।

### कुंभ

आज बिना कारण शत्रुता हो सकती है। अपनी बुद्धि से किए गए कार्यों में ही नुकसान हो सकता है। किसी मामले में निराशाजनक समाचार मिल सकता है, जिससे आपका मन दुखी हो सकता है। अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े से बचें। किसी से भी लेन-देन न करें।

### मीन

आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा। कोई न कोई चिंता आपको परेशान करेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होंगी। परिवार के लोगों से लेन-देन न करें, संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधानी बरतें।

## संक्षिप्त समाचार

### शरद पवार बोले -महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाकर रहेंगे और इसके लिए हर वक्त काम करेंगे

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीच सीनियर नेता शरद पवार का



बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि भले ही मेरी उम्र 84 साल है, लेकिन मैं रुकने वाला नहीं हूं। यही नहीं भले ही उम्र 90 साल हो जाए, लेकिन मैं इसी तरह काम करता रहूंगा। शरद पवार का कहना है कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाकर रहेंगे और इसके लिए हर वक्त काम करेंगे। उनका इशारा अजित पवार की ओर था। शरद पवार फिलहाल एनसीपी-एसपी के नेता हैं। उन्हें यह नई पार्टी तब बनानी पड़ी थी, जब बीते साल अजित पवार बगावत करके अलग हो गए थे। शरद पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से घोषित लड़की बहिन योजना पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि बहन तो बारामती में भी थी, लेकिन वहां उसके सामने चुनाव लड़ा गया। यही नहीं उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पहले तो बहन के खिलाफ चुनाव प्रचार हुआ और लड़ाई की गई। इसके बाद जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए तो वे बहन को याद करने लगे। शरद पवार ने कहा कि हमारे सामने सवाल यह है कि आखिर महाराष्ट्र किसके हाथों में रहना चाहिए। यह आम लोगों के हाथ में रहे या फिर किसी और को कमान मिले।

### जम्मू-कश्मीर में जल्दी ही नेता विपक्ष चुनेगी भाजपा, दो केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त



जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते बीजेपी जल्दी ही नेता विपक्ष के नाम का ऐलान करेगी। नेता विपक्ष का नाम तय करने के लिए पार्टी ने सोमवार को अपने पार्टी मुख्यालय पर सभी नव निर्वाचित विधायकों का स्वागत किया। भाजपा ने जम्मू क्षेत्र की 43 में से 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी,जबकि कश्मीर में अपना पूरा जोर लगा देने के बाद भी बीजेपी एक भी सीट नहीं जीत पाई हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविन्दर रैना ने कहा कि आज हमने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को पार्टी ऑफिस बुलाया था। यह एक तरह की सद्भावना बैठक थी जिसमें पार्टी के सभी नवनिर्वाचित विधायकों को पार्टी मुख्यालय में आमंत्रित किया गया और सम्मानित किया गया। नेता प्रतिपक्ष को तय करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ जी को नियुक्त किया है, जो अगले दो से तीन दिनों में जम्मू का दौरा करेंगे। वे निर्वाचित विधायकों तक पहुंचेंगे और उसके बाद विपक्ष के नेता का फैसला किया जाएगा। हालाँकि, रैना ने इस पद के लिए किसी नाम की अफवाह की पुष्टि नहीं की।लेकिन भाजपा की तरफ से पैडर नागसेनी के विधायक सुनील कुमार शर्मा और नगरोटा के विधायक देवेंदर सिंह राणा इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। दूसरी तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन ने बहुमत के साथ जीत हासिल की है।वह 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।एक दशक के बाद उमर अब्दुल्ला के रूप में जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर से मुख्यमंत्री मिलने वाला है। 2019 में लगाया गया राष्ट्रपति शासन अब हटा दिया गया है। गठबंधन की तरफ से उमर ने राज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने अपने साथ 54 विधायकों का समर्थन होने का दावा किया था।

### महाराष्ट्र में भाजपा का 100 सीटों पर मंथन, 150 पर लड़ने का प्लान

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा जैसे बड़े राजनीतिक दल ने तैयारियां तेज कर दी हैं।पार्टी सूत्रों का कहना है कि लगभग 150 सीटों पर भाजपा लड़ेगी।इन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर भी एक राउंड का मंथन हो चुका है। सोमवार को दिल्ली में भाजपा नेताओं की इस संबंध में मीटिंग भी थी। इस बैठक में केंद्रीय नेताओं के साथ ही डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, आशीष शेलार और पंकजा मुंडे जैसे लीडर भी शामिल थे।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेता भी थे।इस मीटिंग में सबसे पहले उन 100 सीटों पर बात हुई, जहां फिलहाल भाजपा के ही विधायक हैं।यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह की मौजूदगी में हुई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने मुख्य तौर पर कोंकण क्षेत्र, विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र की सीटों पर लड़ने का फैसला लिया है।वहीं मराठवाड़ा समेत अन्य कुछ इलाकों में एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी को सीटें दी जाएंगी। राज्य में कुल 288 सीटें हैं और अब तक तय समझौते के अनुसार करीब 80 सीटें एकनाथ शिंदे गुट को मिलेंगी। इसके अलावा बाकी लगभग 50 सीटें अजित पवार गुट को दी जा सकती हैं।मुंबई की ज्यादातर सीटों पर भाजपा का ही दावा रहेगा।इसके अलावा ठाणे इलाके की सीटें शिंदे गुट को देने पर सहमति बनी है। भाजपा नेताओं का कहना है कि 288 में से लगभग 90 फीसदी सीटों पर सहमति बन चुकी है। सोमवार को हुई मीटिंग में उन इलाकों को लेकर भी चर्चा हुई, जहां अच्छी संभावना के बाद भी पार्टी को हार मिली।

# जाति जनगणना के साथ ही ओबीसी मंत्रालय का गठन और आउटसोर्सिंग वाली भर्तियों में आरक्षण लागू किए जाने की जरूरत : केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार में राज्यमंत्री और अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का कहना है कि जाति जनगणना के साथ ही ओबीसी मंत्रालय का गठन और आउटसोर्सिंग वाली भर्तियों में आरक्षण लागू किए जाने की जरूरत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने सोमवार को 'हिन्दुस्तान से विशेष बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि देश में आज कमोबेश हर पार्टी यही कह रही है कि जाति जनगणना की जाए। जातिगत भेदभाव के चलते लोगों के विकास का रास्ता अवरुद्ध हुआ है। यह वास्तविकता है, तभी संविधान में आरक्षण का प्रावधान हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का स्पष्ट मत है कि जनगणना होती है तो जाति जनगणना भी होनी चाहिए। सरकार के पास हर जाति के प्रमाणिक आंकड़े होने चाहिए। सरकार अपने स्तर पर देखे कि कौन सी जाति या समुदाय ऐसा है जिसका कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, उनको योजनाओं का लाभ नहीं मिला। आजादी का उनके लिए कोई मायने नहीं है। सरकारी योजनाएं इस प्रकार से बनें, जिससे अब तक वंचित रहे लोगों को सबसे ज्यादा लाभ मिले।



**अपना दल सिर्फ कुर्मियों की पार्टी नहीं :** अनुप्रिया पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ कुर्मियों के मुद्दों को नहीं उठाती है बल्कि एक बड़े वर्ग की बात करती है। यूपी के 18 मंडल हैं, जिनमें 13 मंडल में कुर्मी जाति की अच्छी संख्या है। रामपुर से लेकर बलिया तक, हर जिले में कुर्मी मिलेंगे। लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव आठ फीसदी कुर्मी मतदाता प्रभावी साबित हुए हैं। दूसरे, हमारी पार्टी जिन मसलों को उठाती है वह एक बड़े वर्ग के होते हैं। 'अगर मैं कहती हूं ओबीसी मंत्रालय बनना चाहिए तो इससे हजारों ओबीसी जातियों को फायदा मिलेगा। अगर मैं कहती हूं कि आउटसोर्सिंग में आरक्षण के नियमों का पालन होना चाहिए। तो एससी, ओबीसी सभी तरह के आरक्षण का पालन होना चाहिए। मेरी पार्टी ने कभी किसी जाति का मुद्दा नहीं उठाया। लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं की दुविधा यह है कि वे जिस जाति से आते हैं उन्हें उस जाति के कठघरे में कैद कर लिया जाता है, क्योंकि उनके बहुत समर्थक होते हैं। उन्होंने कहा कि जब वाजपेयी सरकार थी तो समाज कल्याण मंत्रालय से आदिवासी मंत्रालय बनाया गया था। बाद में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भी बनाया गया। जब ये मंत्रालय बन सकते हैं तो ओबीसी मंत्रालय क्यों नहीं? क्योंकि ओबीसी आबादी उनसे कहीं ज्यादा है। दल ने एनडीए के मंच पर इस मुद्दे को उठाया है।

**सभी घटक विकसित भारत के लिए काम कर रहे :** यह पूछने पर कि केंद्र में इस बार घटक दलों की स्थिति मजबूत है, इससे क्या बदलाव दिखाई दे रहा है, उन्होंने कहा कि उन्हें कोई फर्क नहीं दिखता। वह सरकार के पहले, दूसरे कार्यकाल में भी राज्यमंत्री थीं, अब भी हैं। मेरी पार्टी छोटी है, कोई भी विषय होता है तो पहले भी पीएम से कह लेती थी, अब भी। लेकिन इस बार टीडीपी और जदयू जैसे बड़े दल भी हैं, उनका भाजपा के साथ कैसा तालमेल है, यह उनके बीच की बात है। लेकिन एनडीए के सभी घटक विकसित भारत के लिए काम कर रहे हैं।

**यूपी में हमारे कुछ मसले हैं जो हल नहीं हुए :** क्या उत्तर प्रदेश में भी जहां आप घटक हैं, केंद्र जैसी स्थिति है? इस पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और केंद्र में हमेशा फर्क रहता है। मैंने ज्यादातर प्रधानमंत्री के साथ काम किया है। उनके साथ काम करने का फायदा यह है कि उनसे अपनी बात कह सकते हैं। यूपी में हमारे कुछ मसले हैं जो हल नहीं हुए। जैसे 69 हजार शिक्षकों की भर्ती का मामला है। वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। लंबा वक्त लगेगा। हम बार-बार यही कह रहे हैं कि राज्य सरकार कोई हल निकाले। बच्चों को कितना लंबा लटका कर रखेंगे। ऐसा केंद्र में नहीं होता। यहां त्वरित कार्रवाई होती है। यह समस्या वहां है।

**पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा :** यूपी में पार्टी के विस्तार के बारे में उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन पर लगातार प्रयास हो रहे हैं। चार नवंबर को देवरिया में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। 17 अक्तूबर को हर जिले में कार्यक्रम रखे गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ही वह लगातार क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। चुनाव नतीजे देखें तो स्पष्ट है कि पार्टी का विस्तार हुआ है। पूर्वांचल, मध्यांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमांचल हर जगह पार्टी के उम्मीदवार जीते हैं। यह पूछने पर कि क्या पार्टी कभी अकेले दम पर भी चुनाव लड़ने की सोच सकती है? अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जब दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल का निधन हुआ था तो इस पार्टी को डूबता हुआ जहाज बताया जा रहा था, लेकिन उन्होंने अपने दम पर पहला चुनाव अकेले लड़ा और जीत दर्ज की। अभी एनडीए के साथ हैं। आगे क्या स्थितियां होंगी यह अभी कोई नहीं जानता है।

## हार के बाद और बढ़ी रार, भूपिंदर सिंह हुड्डा कैंप पर निशाना साधते हुए कुमारी सैलजा की नई मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित हार ने पार्टी में कलह को और बढ़ा दिया है।



चुनाव के दौरान ही कुमारी सैलजा और भूपिंदर सिंह हुड्डा के बीच सीधा टकराव दिख रहा था। इसके अलावा एक और तीसरा धड़ा रणदीप सिंह सुरजेवाला का था। अब यह कलह फिर से सतह पर आती दिख रही है। कुमारी सैलजा ने तो हाईकमान से मांग कर दी है कि संगठन में बदलाव किए जाएं। इस तरह फिर से उनका सीधा निशाना भूपिंदर सिंह हुड्डा पर ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को हुड्डा का ही करीबी माना जाता है।

सिरसा की सांसद ने कहा कि इन नतीजों ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निराश किया है, लेकिन वे हताश नहीं हैं। हाईकमान इस हार की पड़ताल करेगा। कुमारी सैलजा का कहना है कि इस हार पर चिंता करने की बजाय पार्टी को उसके कारणों की पड़ताल करना चाहिए और आगे के लिए मंथन करना होगा। उन्होंने संगठन में बदलाव पर जोर दिया और कहा कि बीते 10 से 12 सालों में संगठन ठीक से काम नहीं कर रहा है। सैलजा ने कहा कि पार्टी की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी कार्यकर्ताओं से बात करेगी और उनकी राय ली जाएगी। यह पूछा जाएगा कि आखिर आप हार के क्या कारण मानते हैं।

सैलजा ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही हाईकमान कोई फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि हमारी जो हार हुई है, उसका अनुमान तो किसी को भी नहीं था। कोई यह नहीं सोच रहा था कि ऐसा नतीजा भी आ सकता है। फिर भी किसी नतीजे तक पहुंचने से पहले हम फीडबैक लेंगे। वहीं आपसी कलह पर राहुल गांधी के गुस्से वाली खबरों को सैलजा ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि अब तक इस पर उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि हरियाणा चुनाव की बड़ी वजह कलह को ही माना जा रहा है। चर्चा है कि भूपिंदर सिंह हुड्डा के हाथ में ही चुनाव की पूरी कमान होने से कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने दूरी बना ली।

## उम्मीद है भारत-कनाडा के रिश्तों पर विपक्ष के नेताओं को विश्वास में लेंगे पीएम मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने नई दिल्ली में कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त समेत छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। साथ ही कनाडा के ताजा आरोपों के बाद सुरक्षा कारणों से ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त और कुछ अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार कनाडा के साथ रिश्तों के बारे में विपक्ष को विश्वास में लेकर काम करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस निश्चित रूप से आशा और अपेक्षा करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत-कनाडा संबंधों के बिगड़ते अत्यंत संवेदनशील और नाजुक मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को तुरंत विश्वास में लेंगे। जहां राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। जयराम रमेश के इस पोस्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस को घेरा है और कनाडा के बारे में कांग्रेस की इस जिज्ञासा का कारण जानना चाहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, क्या कनाडा/अमेरिका में भारतीयों, हिंदुओं को निशाना बनाने वाले और भारत को गाली देने वाले लोग राहुल गांधी से मदद मांगी है।

# कर्नाटक भाजपा ने हुबली दंगा मामले की वापसी के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक भाजपा ने हुबली दंगा मामले में 150 से अधिक लोगों के खिलाफ केस वापस लेने के राज्य सरकार के कदम की निंदा करते हुए सोमवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा ने यह भी घोषणा की है कि यह एक प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन है और अगले सप्ताह हुबली में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर. अशोक, पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा सांसद गोविंद करजोल, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालावाड़ी नारायण स्वामी, एमएलसी एन. रविकुमार और अन्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बेंगलुरु में विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार की आलोचना करने वाले पोस्टर पकड़े और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ नारे लगाए। विजयेंद्र ने मीडियाकर्मियों से कहा, सिद्दारमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री हैं। उनकी स्थिति पहले से ही डावांडोल है। उन्हें किसी भी समय इस्तीफा देना होगा और उन्हें ऐसा करना ही होगा। अपनी कुर्सी बचाने के लिए सिद्दारमैया यह सब भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिद्दारमैया जाति जनगणना को लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम ने 2022 में हुबली दंगा मामले में शामिल सभी राष्ट्र-विरोधी तत्वों के खिलाफ मामले वापस लेने का कैबिनेट में निर्णय लिया है। विजयेंद्र ने कहा,



उन्होंने पत्थरबाजी की और पुलिस पर हमला किया। सिद्दारमैया सरकार ने उन मामलों को वापस लेने का फैसला किया है, जिनकी जांच अब भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। उन्होंने कहा कि एनआईए ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और जांच जारी है। मामलों को वापस लेने का फैसला पूरी तरह से अवैध है। भाजपा नेता ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी इसका समर्थन कर सकता है। भाजपा ने इस मुद्दे को गंभीरता से और प्रतीकात्मक रूप से बेंगलुरु में उठाया है और अगले सप्ताह तक हम हुबली में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सिद्दारमैया खुद एक वकील हैं और उन्हें इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जब एनआईए मामले की जांच कर रही थी, तो सिद्दारमैया ने ऐसा फैसला क्यों लिया? उन्होंने आरोप लगाया, यह बहुत आसान है, वह मुद्दे को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि पूरी कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त है। उन्होंने दावा किया कि लोग कांग्रेस सरकार से तंग आ चुके हैं, क्योंकि आम आदमी राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में बात कर रहा है। उन्होंने कहा, यह सिद्दारमैया की पूरी तरह से ध्यान भटकाने की रणनीति है। कांग्रेस नेताओं का आरएसएस के खिलाफ चिल्लाना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया जानती है कि आरएसएस ने 100 साल में क्या किया है।

## कर्नाटक की एक अदालत ने दर्शन, पवित्रा गौड़ा की जमानत याचिका की खारिज

बेंगलुरु, एजेंसी। बेंगलुरु की एक अदालत ने सोमवार को जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और उनकी पार्टनर पवित्रा गौड़ा की जमानत याचिकाएं को खारिज कर दी। यह याचिका दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी की सनसनीखेज हत्या के मामले में दायर की गई थी। दर्शन और पवित्रा गौड़ा को अब जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना होगा। दर्शन के करीबी सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। अदालत ने ग्यारहवें आरोपी नागराज और बारहवें आरोपी लक्ष्मण की जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दीं। अदालत ने अन्य आरोपी व्यक्तियों प्रदोष एस. राव, विनय और जगदीश की जमानत याचिकाओं पर फैसला 16 अक्टूबर तक सुरक्षित रख लिया है। न्यायाधीश जयशंकर ने आठवें आरोपी रविशंकर और तेरहवें आरोपी दीपक की जमानत याचिकाएं भी मंजूर कर लीं। दर्शन, पवित्रा गौड़ा और 15 अन्य को चित्रदुर्ग से रेणुकास्वामी का अपहरण और बेरहमी से हत्या करने के आरोप में 11 जून को गिरफ्तार किया गया था। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर



पवित्रा गौड़ा को अपमानजनक और अश्लील संदेश भेजे थे। इस बीच दर्शन के समर्थक, प्रशंसक और परिवार के सदस्य जो उनका स्वागत करने के लिए बेल्लारी जेल के बाहर एकत्र हुए थे, उन्हें अपने पसंदीदा स्टार को जेल से बाहर आते हुए देखने का अवसर प्राप्त किए बिना ही वापस लौटना पड़ा। पुलिस ने प्रशंसकों को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए थे। महिला प्रशंसक भी बड़ी संख्या में जेल के पास आ गई थी। बेंगलुरु सेंट्रल जेल में दर्शन के साथ शाही व्यवहार की तस्वीरें सामने आने के बाद उन्हें बेल्लारी जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस संबंध में उनके खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार दर्शन के परिवार के सदस्य उसे बेल्लारी से विशेष हेलीकॉप्टर से बेंगलुरू ले जाने के लिए तैयार थे। उन्हें उम्मीद थी कि उसे जमानत मिल जाएगी। आपराधिक वकील सी.वी. नागेश ने दर्शन की ओर से पैरवी की और पुलिस के आरोपों को मनगढ़ंत बताया।

उन्होंने जांच को एक क्लासिक विफलता करार दिया और आरोपपत्र में लगाए गए आरोपों की तुलना अरेबियन नाइट्स की कहानी से की। दर्शन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रेणुकास्वामी के शव का पोस्टमार्टम करने और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने में जानबूझकर देरी की गई। वकील नागेश ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि वह दर्शन को बरी करने के लिए अपनी दलीलें नहीं रख रहे थे, बल्कि वह दर्शन को मामले में जमानत दिलाने के लिए दलीलें दे रहे थे। हाई-प्रोफाइल मामलों को संभालने के लिए जाने जाने वाले विशेष लोक अभियोजक प्रसन्ना कुमार ने जोरदार ढंग से तर्क दिया था कि दर्शन की जमानत याचिका स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।


## किशन रेड्डी ने मंदिरों में तोड़फोड़ पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

हैदराबाद, एजेंसी। केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को हैदराबाद में हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और तेलंगाना सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। किशन रेड्डी ने सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में मूर्ति को तोड़े जाने की निंदा की। मंदिर में दर्शन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इन घटनाओं को मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों या चोरों का काम बताकर इन्हें दबाने की कोशिश कर रही है। सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य किशन रेड्डी ने कहा कि एक व्यक्ति ने सुबह चार बजे के आसपास कुरमागुडा स्थित मुथ्यालम्मा मंदिर पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर पिछले कुछ दिनों से कुछ सांप्रदायिक तत्वों द्वारा हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। रेड्डी ने चार दिन पहले प्रदर्शनी मैदान में दुर्गा प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं, तो पुलिस कहती है कि इसमें शामिल लोग चोरी करने आए थे या वे मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। आज की घटना में, व्यक्ति चोरी करने नहीं आया था। वह मंदिर पर हमला करने के लिए किसी दूसरी जगह से आया था। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और मंदिरों को सुरक्षा प्रदान करे। किशन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद से बात की है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के संज्ञान में लाएंगे और यदि आवश्यक हुआ तो राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे। प्रदेश भाजपा ने सिकंदराबाद में सोमवार की घटना की निंदा की है। राज्य भाजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से किए गए पोस्ट में कहा गया है, हिंदू मंदिर पर एक और हमला। यह बांग्लादेश या पाकिस्तान में नहीं, बल्कि तेलंगाना के हैदराबाद में हुआ। दो गैर-हिंदू लोगों ने सिकंदराबाद स्थित मठ मुथ्यल्लम्मा मंदिर में प्रवेश किया और मंदिर के अंदर विग्रह को अपवित्र किया। चंद्रायनगुट्टा, नामपल्ली और अब सिकंदराबाद में हुई घटनाएं तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की सत्ता में वापसी के बाद से हिंदू मंदिरों पर हमलों में खतरनाक वृद्धि को दर्शाती हैं। इसमें कहा गया है, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जबकि कांग्रेस सरकार अपने वोट बैंक की सुरक्षा के प्रयास में अपराधियों को बचा रही है। मुथ्यालम्मा मंदिर में विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भाजपा नेता माधवी लता और कुछ अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उन्हें तुरंत वहां से हटा दिया। पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया है।

# अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब बनेगा - चंद्रबाबू नायडू

अमरावती, एजेंसी। आंध्र प्रदेश सरकार जल्द ही अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब स्थापित करेगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास, एमएसएमई और खाद्य प्रसंस्करण के लिए अपनाई जा रही नीतियों की समीक्षा बैठक की और स्पष्ट किया कि रोजगार सृजन उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि औद्योगिक नीतियां इसके अनुरूप होनी चाहिए और निवेश आकर्षित करके व्यापार करने की गति को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

उन्होंने महसूस किया कि निजी औद्योगिक पार्कों की नीति पर और अधिक अभ्यास की आवश्यकता है और उन्होंने मंत्रिमंडल की अगली बैठक में अन्य तीन नीतियों को सामने लाने का फैसला किया। अधिकारियों ने जब इन विषयों पर तैयार की गई नीतियों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया, तो चंद्रबाबू ने उन पर गहन अध्ययन किया और अधिकारियों के साथ अपने विचार और अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरावती में स्थापित किए जाने वाले इनोवेशन हब का नाम प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा के नाम पर रखा जाएगा, जिनका पिछले सप्ताह निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हब कौशल विकास, स्टार्ट-अप,



सुविधा केंद्र और नवाचार का केंद्र होगा।

राज्य में पांच स्थानों पर ऐसे हब स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक हब के लिए एक प्रमुख कंपनी मेंटर होगी। चंद्रबाबू नायडू ने उम्मीद जताई कि नवाचार केंद्र राज्य में औद्योगिक क्षेत्र को बहुत आगे ले जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा, हमें राज्य में निवेश करने के लिए उद्योगपतियों को आकर्षित करने के संबंध में एक मित्रवत सरकार के रूप में काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इस प्रयास के तहत सभी विभागों के लिए नई नीतियां तैयार की जा रही हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इन नई नीतियों के लागू होने के तुरंत बाद राज्य में निवेश करने के लिए आगे आने वालों को सब्सिडी दी जाएगी। मसौदा नीतियों में उल्लेख किया गया है कि जो 200 कंपनियां अपनी स्थापना और वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि की सहमति देने के लिए सबसे पहले आगे आएंगी। उन्हें अधिक प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकता है, जबकि जो इकाइयां अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। उन्हें अतिरिक्त 10 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार एस्क्रो खातों के माध्यम से औद्योगिक प्रोत्साहन प्रदान करने के एक नए तरीके पर विचार कर रही है, जिससे उन्हें लगता है कि औद्योगिक प्रगति और बेहतर रोजगार के अवसरों को और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय रोजगार के अवसरों को बहुत तेजी से बनाने में मदद करेंगे। अधिकारियों को इस पर व्यवहार्यता और आवश्यक प्रक्रियाओं पर गहन अध्ययन करना चाहिए। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एमएसएमई नीति इस तरह से तैयार की जानी चाहिए कि यह एक परिवार-एक उद्योगपति की अवधारणा पर केंद्रित हो। समीक्षा बैठक में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जैसे कि एक्वा और पोल्ट्री क्षेत्र में भी परिणाम प्राप्त करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई, जबकि एमएसएमई और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में महिला उद्यमियों के लिए अतिरिक्त पांच प्रतिशत प्रोत्साहन प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हालांकि, औद्योगिक क्षेत्र पर नीति को एक और विस्तृत अभ्यास के बाद ही कैबिनेट के समक्ष लाया जाएगा।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

## विभागीय अधिकारी शासन की प्राथमिकता वाले पत्रों पर समय-सीमा में वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी शासन की प्राथमिकता वाले पत्रों पर समय-सीमा में वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज संपन्न वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशानुसार भी जरूरी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में डीएपी उर्वरक की उपलब्धता, आगामी 21 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में सागर में प्रस्तावित संभागीय बैठक और आगामी 28 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी के स्थान पर नैनो यूरिया और एनपीके उर्वरक के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वर्तमान में 20 अक्टूबर तक सोयाबीन खरीदी के लिए किसान पंजीयन की कार्यवाही की जाना है। किसानों को इसकी जानकारी से अवगत कराकर पंजीयन के लिए प्रेरित किया जाए। इसी तरह समस्त तहसीलदार को धान, ज्वार व बाजरा के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों के सत्यापन के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में नोटिस तामीली संबंधी जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने तथा निर्माणाधीन रेल लाइन के विभिन्न लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के शत प्रतिशत भुगतान के संबंध में तकनीकी कठिनाईयों के निवारण सहित स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र और ट्राइबल छात्रावासों के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव सहित अन्य दिवसों में भी नियमित रूप से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी उचित मूल्य दुकानवार मॉनीटरिंग भी करें। उन्होंने वर्तमान में 70 प्रतिशत राशन वितरण के विरूद्ध आगामी तीन दिवसों में अक्टूबर माह का 90 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा वन व्यवस्थापन, स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य में अविलंब अपेक्षित प्रगति लाने व 22 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने, जनपद पंचायत मुख्यालय पर पेंशन हितग्राहियों के लिए एक सप्ताह तक निरंतर शिविर आयोजित कर ई-केवायसी कार्य पूर्ण करवाने, शासकीय कार्यालयों में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए कार्यालय प्रमुखों को वांछित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य अंतर्गत समय सीमा में समस्त कार्यवाही संपादित करने के लिए भी कहा। आयोग के निर्देशानुसार जेण्डर रेशियो में अपेक्षित सुधार सहित मतदान केन्द्रवार शिविर इत्यादि के संबंध में कार्यवाही की बात कही। बैठक में टीएल, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में शिकायतों का समय सीमा में परीक्षण कर सही व उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## शाहनगर में उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत शाहनगर अनुविभाग अंतर्गत इच्छुक पात्र संस्थाओं से उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शाहनगर तहसील अंतर्गत उचित मूल्य दुकान चौपरा, सुडौर, आमा, बिसानी, कचौरी, महगवां सरकार, रमगढ़ा, मैन्हा एवं सर्रा, रैपुरा तहसील अंतर्गत हरदुआ रावजू, भरवारा, पिपरिया खुर्द, बगरोड़, नांद चांद एवं पटना तथा सिमरिया तहसील अंतर्गत भड़पुरा का आवंटन किया जाना है। उपभोक्ता सोसायटी सहित विपणन, उत्पादक, संसाधन व बहुप्रयोजन सोसायटी को दुकान का आवंटन किया जा सकेगा। इसके अलावा महिला स्वसहायता समूह और संयुक्त वन प्रबंधन समिति भी पात्र हैं। शाहनगर अनुविभाग के तहत दुकान आवंटन के लिए इच्छुक पात्र संस्थाओं को आगामी 21 अक्टूबर तक राशन मित्र पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

# ओवरलोडिंग स्कूल ऑटो से गिरा छात्र, सिर पर चोट लगने से मौत



**सिमरिया।** पन्ना जिले में एक स्कूली छात्र के स्कूल जाते समय ऑटो से गिरने से मौत का मामला सामने आया है जहां उसके सिर में गंभीर चोट आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक घटना जिले के पवई के सिमरिया थाना अंतर्गत गनियारी गांव की है। जहां इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा छठवीं में पढ़ने वाला सुभाष सेन अपने घर से स्कूल वैन/ऑटो में बैठकर स्कूल जा रहा था। इस ऑटो में छात्र 10 से 15 (दर्जन भर से अधिक) छात्र सवार थे जो कि ऑटो से गिर गया और चलती ऑटो उसके सिर पर चढ़ते हुए निकल गया जिससे सिर पर गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। यहां घटना के बाद ऑटो चालक भाग खड़ा हुआ जानकारी लगाने पर घायल बच्चे को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरिया ले गये पर तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। जहां डॉक्टर द्वारा चौकअप करने के बाद बच्चे/छात्र को मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद से इलाके में मातम, परिवार में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं पुलिस मामले की जांच और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

# आसामाजिक तत्वों ने तालाब में डाला विषैला पदार्थ हजारों मछलियों की मौत



**पन्ना।** अजयगढ़ थाना अंतर्गत बहादुरगंज पेट्रोल पंप के पीछे स्थित तालाब में अज्ञात आसामाजिक तत्वों के द्वारा विषैला पदार्थ डाले जाने से हजारों मछलियों की मौत हो गई है जिससे छुआ समिति को भारी नुकसान हुआ है। बताया गया है कि स्थानीय मछुआ समिति के द्वारा लगभग 3 माह पूर्व तालाब में मछलियों का बीज डाला गया था, तीन माह में मछलियां काफी बड़ी हो गई थी, कुछ समय बाद इन्हें निकालकर बाजार में बेचने भेजा जाना था लेकिन उससे पहले ही अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा तालाब में विषैला पदार्थ डाल दिया गया जिससे हजारों मछलियों की मौत हो गई, जैसे ही मछुआ समिति के सदस्यों को सूचना मिली वह मौके पर पहुंच गए और मछलियों के यह हाल देखकर परेशान हो गए। फिलहाल समिति के सदस्यों के द्वारा अजयगढ़ थाना में शिकायती आवेदन सौंप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई है।

# धरमपुर के धुरिया बाबा स्थान में आयोजित हुआ ऐतिहासिक दंगल

## विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह एवं सतानंद गौतम रहे मुख्य अतिथि

**पन्ना।** भले ही कुश्ती धीरे-धीरे बुंदेलखंड से विलुप्त हो रही है आल्हा ऊदल के इस खेल को लोग बहुत कम अपनाते हैं लेकिन पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र में आज भी सबसे लोकप्रिय खेल कुश्ती ही है इसीलिए जिले के ऐतिहासिक धरमपुर के धूरिया बाबा स्थान में बीते 50 वर्षों से परंपरा के अनुसार इस रूप में कुश्ती का आयोजन किया जाता हे इसे देखने के लिए इलाके की हजारों लोग एक साथ इकट्ठे होते हैं , दशहरी की एक दिन बाद ऐतिहासिक दंगल का आयोजन रामबाबू गौतम और प्रबल प्रताप सिंह की नेतृत्व किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चार दर्जन से अधिक पहलवानों ने ताल ठोक कर पहलवानी का जौहर दिखाया, इस ऐतिहासिक दंगल का आयोजन धूरिया बाबा के अखाड़े में किया गया पहलवानों ने पहले इस चमत्कारिक स्थान मे नमन किया और अपनी कुश्ती दिखाई, जैसी कुश्ती शुरू हुई तालियों की गड़गड़ाहट के साथ पूरा अखाड़ा गूंज गया।



मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह कुश्ती बहुत फेमस स्थान है धुरिया बाबा के प्रताप से यह अखाडा निरंतर चल रहा है हमें उम्मीद है कि इस इलाके के पहलवान हरियाणा जैसे निकाल कर देश में पन्ना का नाम रोशन करेंगे, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सतानंद गौतम ने कहा कि हमारे यूपी एमपी बॉर्डर में सबसे फेमस अखाड़ा है और यहां कई नामी पहलवान अपनी कुश्ती दिखा चुके हैं, इस क्षेत्र का सबसे लोकप्रिय खेल होने के कारण कई गांव के लोग इस दिन इकट्ठे होते हैं, सदानंद गौतम ने आगे कहा कि गत वर्ष महिला पहलवानों की कुश्ती हुई थी हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि यहां के ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी कुश्ती में निकलकर बाहर आए, जिस तरह से अभी दुनिया में भारत की महिला पहलवानों की चर्चा होती है वैसे ही पन्ना से भी लड़कियां कुश्ती में निकले, सतानंद गौतम ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि धूरियां बाबा का स्थान बहुत प्रतापी है यहां कभी किसी पहलवान को चोट नहीं लगी इस स्थान में लोग जो सोच कर आते हैं वह पूरा होता है,पहलवान फूलचंद पहलवान समरजीत, पहलवान शिवमंगल पहलवान छोटू पहलवान दिलीप पहलवान मनदीप पहलवान रामवीर सिंह की कुश्ती सबसे ज्यादा चर्चित रही, दर्शकों ने पहलवानों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान सत्येंद्र प्रताप सिंह हनुमत प्रताप सिंह राजू राजा, रामबाबू गौतम,पुष्पेंद्र सोनी दिनेश भुर्जी, रामायण लोधी,कौशल सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष, अभिमन्यु सिंह, पंचम सिंह प्रमोद शर्मा सुखदेव मास्टर, महेंद्र सिंह, राम प्रताप यादव,सहित बड़ी संख्या में इलाके के लोग उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया संचालित है। आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगामी 29 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिए जा सकेंगे। साथ ही 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा आपत्ति के आवेदन भी लिए जाएंगे। इस अवधि में बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रह कर निर्धारित गतिविधियां संपादित करेंगे। मतदान केन्द्रों पर 9 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को होगा। एक जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही टोल फ्री नंबर 1950 पर भी संपर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 अक्टूबर को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार, 18 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त समूह ग्राम जल प्रदाय तथा एकल ग्राम योजनाओं के प्रगति तथा शालाओं व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा भी होगी। कार्यपालन यंत्री एवं समिति के सदस्य-सचिव महेन्द्र सिंह ने बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# सफाईकर्मियों के पुनर्वास के संबंध में करें कार्यवाही : कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर ने टीएल बैठक के पूर्व हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों एवं सेप्टिक टैंक, सीवर लाइन और मेनहोल सफाईकर्मियों के सर्वेक्षण तथा उनके आर्थिक व सामाजिक पुनर्वास के संबंध में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक ली। इस दौरान सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले द्वारा पूर्व में इस संबंध में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में हुए सर्वेक्षण के बारे में अवगत कराया गया। जानकारी दी गई कि वर्तमान में उक्त कार्य मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा भी पूर्व में सर्वेक्षण कार्य कराया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पुनः सर्वे उपरांत यह पाया गया कि जिले में हाथ से मैला ढोने की प्रथा नहीं है। इसके बावजूद समिति सदस्यों से इस तरह का मामला संज्ञान में आने पर तत्काल अवगत कराने की अपेक्षा की गई। साथ ही योजनाओं के लाभ व पुनर्वास की योजना अनुरूप लाभांवित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा वेस्ट एकत्र करने वालों एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया।



अजयगढ़ एवं पन्ना नगरीय निकाय में चिन्हांकित ऐसे चार-चार व्यक्तियों को विभागीय समन्वय के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने जिला सहकारी विकास समिति की बैठक भी ली और विभागवार लक्षित समूह व क्रियान्वित योजना अनुसार नवीन सहकारी समितियों के गठन कर रोजगार व आय में बढ़ोत्तरी की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

# कृषि उपज मंडी के पास कंकरीट मिलर ट्रक व मोटर साइकिल सवार की जोरदार भिडंत, एक की मौत एक घायल

**पवई।** पवई से लगभग 5 किलोमीटर दूर कृषि उपज मंडी के पास दोपहर लगभग 3:30 बजे एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई है। जिसमें मोटर साइकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवम ट्रक ड्राइवर के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार कंकरीट मिलर ट्रक क्रमांक एमपी 20-पीसीएच-5990 कटनी से पवई की ओर आ रहा था वही पवई की ओर से झांसी निवासी अंकित शर्मा पिता ब्रजेश कुमार शर्मा उम्र 26 वर्ष जो



मोटरसाइकिल अपाचे यूपी 93 बीएम 9374 में सवार होकर पवई से कटनी की ओर जा रहा था तभी कृषि उपज मंडी के पास अंधे मोड़ में दोनों की जोरदार भिडंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही ट्रक चालक रामकेश चौधरी उम्र 45 वर्ष को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पवई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पवई शव विच्छेदन गृह लाया गया व पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मृतक की पहचान मृतक की जेब में रखें आधार कार्ड से की है।

# वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं को प्रदान की जाती है विभिन्न सहायता

**पन्ना।** महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिससे निपटने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिशन शक्ति की संबल उपयोजना के तहत वन स्टॉप सेंटर की स्थापना महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराना है। सुरक्षित आश्रय एवं तात्कालिक सहायता-वन स्टॉप सेंटर उन महिलाओं को तत्काल आश्रय और सुरक्षा प्रदान करता है, जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा अथवा किसी भी प्रकार की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होती हैं। सेंटर में महिलाओं को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाती है और उन्हें सुरक्षित वातावरण में आश्रय दिया जाता है। कानूनी सहायता और परामर्श-वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करता है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और आवश्यक कानूनी कदम उठा सकें। कानूनी परामर्श और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहायता मिलने से महिलाएँ अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय पाने की दिशा में सशक्त हो सकें। चिकित्सा सहायता-वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता मिलती है। हिंसा या प्रताड़ना से घायल महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य सेवाएँ के साथ समन्वय कर चिकित्सा सेवाएँ दी जाती है। मनोवैज्ञानिक परामर्श-हिंसा की शिकार महिलाएँ अक्सर मानसिक आघात से गुजरती हैं, वन स्टॉप सेंटर पर प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है।

पुनर्वास सेवाएँ एवं समाज में पुर्नस्थापना-वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को पुनर्वास सेवाएँ भी प्रदान करते हैं। जरूरत पड़ने पर महिलाओं को उनके परिवार के साथ पुर्नस्थापित करने अथवा उन्हें स्वतंत्र जीवन जीने, अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करता है।

## सचिव एवं रोजगार सहायकों का होगा प्रशिक्षण

**पन्ना**

कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 37 में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायकों को स्थानीय स्तर पर मोबाइल के माध्यम से कार्यसुविधा के दृष्टिगत गूगल टूल्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतवार यह प्रशिक्षण 21 अक्टूबर से 6 दिसम्बर तक होगा।

जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत सचिव व रोजगार सहायकों का प्रशिक्षण 21 से 25 अक्टूबर तक एवं 28 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायक का प्रशिक्षण 29 एवं 30 अक्टूबर तथा 4 से 6 नवम्बर, जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायक का प्रशिक्षण 7 एवं 8 नवम्बर, 11 से 14 नवम्बर और 18 नवम्बर को, जनपद पंचायत पवई अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायकों का प्रशिक्षण 19 से 22 नवम्बर एवं 25 से 27 नवम्बर तथा जनपद पंचायत शाहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत में कार्यरत सचिव व रोजगार सहायकों का प्रशिक्षण 28 एवं 29 नवम्बर तथा 2 से 6 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण एक दिवसीय है।

# गोचर की जमीन जोतने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

## एक दर्जन से अधिक घायल, सरपंच द्वारा किया गया हमला

**पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम भसुड़ा, बैरहा, में स्थित गोचर जमीन जिस पर उक्त ग्राम के किसानो द्वारा कई वर्षो से मवेशी चरा रहे थे, तथा उसी जमीन पर ग्राम के लोगो का निस्तार होता था, उक्त जमीन लगभग 70 बीघा है, जिसमें ग्रामवासी मवेशियों, भैसां को चराने के लिए उपयोग करते थें। लेकिन उक्त जमीन पर सिंहपुर ग्राम पंचायत के सरंपच योगेन्द्र धुरिया उर्फ रसगुल्ला की नजर लग गई तथा सरपंच द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा करने की योजना बनाई एवं दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को चार ट्रैक्टर लेकर जिसमें लगभग डेढ सौ लोग थें, जो की पंहुचकर जोतना प्रारंभ कर दिया। जिस बात का विरोध ग्रामवासीयें द्वारा किया गया। तो संबंधितो द्वारा मारना पीटना प्रारंभ कर दिया एवं लाठी, डंडो एवं कुल्हाड़ी से पीटना चालू कर दिया। जिसमे लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। जिसमें तीन लोगो का ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। विवाद भारी बड़ गया तथा दोनो ओर से मारपीट होने लगी। घटना की सूचना धरमपुर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के पंहुचने पर ही आरोपी घटना स्थल से भागें। मामले के संबंध में फरियादी गोपीचन्द्र पाल पिता शिव प्रताप पाल उम्र 50 साल निवासी बजरंगपुर थाना धरमपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि, खेती किसानी का कार्य करता हूं, हुमउआ हार नदी किनारे भैसे चरा रहा था तथा मेरे साथ गांव के मड़ियापाल जागेश्वर, कमलेश, घनश्याम, भरत, सहित अन्य लोग भी भैसे चरा रहे थें, उसी दौरान सिंहपुर सरंपच योगन्द्र धुरिया, उर्फ रसगुल्ले, पप्पू राजा, दयाराम यादव, रज्जू कोरी, बुद्धु कोंदर, राम जीवन अहिरवार, लालमनि कोरी, आनन्दी अहिरवार, लछ्चू कोरी, बिज्जू गुप्ता, बबलू, आदि लोग ट्रैक्टर लेकर आये एवं उक्त गोचर जमीन को जोतने लगें। हम लोगो के द्वारा मना करने पर योगेन्द्र धुरिया, पप्पू राजा तथा उनके अन्य साथियों द्वारा लाठी, डंडो, कुल्हाडी आदि से हमला कर दिया गया। जिसमें अनेक लोग घायल हुए है, उक्त मामले में एक दर्जन लोगो का पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें अपराध क्रमांक 0260/2024 धारा 115 (2), 296, 351, 191 (2), 191 (3), 190 तथा जिनको आरोपी बनाया गया है। उनमें योगेन्द्र धुरिया, पप्पू राजा, जयराम यादव, रज्जू कोरी, बुद्धु कोंदर, रामसंजीवन अहिरवार, लालमणि कोरी, आनन्दि अहिरवार, लछ्चू कोरी, विज्जु गुप्ता आदि।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, बुधवार 16 अक्टूबर 2024




कलेक्टर ने त्योंथर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकान चंदई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न एवं शक्कर का स्टॉक रजिस्टर से मिलान करवाया तथा ग्रामीणों से खाद्यान्न प्राप्त होने के संबंध में पूछताछ की।



## अधिकारी सप्ताह में दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें

### सीएम हेल्पलाइन और जन सुनवाई के आवेदनों का निराकरण करें : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी हर माह का दौरा कार्यक्रम प्रस्तुत करें। सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। जनप्रतिनिधियों तथा आमजनता से सतत संपर्क एवं संवाद रखें। विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करके हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन और जन सुनवाई के आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण लेबल एक और लेबल दो में बिना अटेण्ड किए मिले तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कमिश्नर ने कहा कि संभागीय अधिकारी निरीक्षण का रोस्टर तैयार कर अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के समय कार्यालय की व्यवस्था, लंबित प्रकरण, साफ-सफाई, अभिलेखों का संधारण आदि की पूरी जानकारी लें। ग्राम स्तर में पदस्थ मैदानी अमले का ग्राम पंचायत में निर्धारित दिवसों में रहना सुनिश्चित करें। कर्मचारी के ग्राम पंचायत में उपस्थित रहने के दिनांक तथा मोबाइल नम्बर ग्राम पंचायत भवन में अंकित कराएं। ग्राम पंचायत को सभी विभागों के कार्य के लिए ग्राम सचिवालय के रूप में विकसित करें। जिन विभागों के लक्षित हितग्राही समान हैं वे संभाग से लेकर ग्राम स्तर तक समन्वय से कार्य करें। शीघ्र ही कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में इन चारों विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों के अधिकारी तथा प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति में मैदानी अमला एक दूसरे को सहयोग कर सके।

कमिश्नर ने कहा कि मुख्य अभियंता जल संसाधन नहरों में अंतिम बिंदु तक पानी पहुंचना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। आगामी 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

इससे जुड़े विभाग सभी तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। संयुक्त संचालक कृषि किसानों को स्प्रिंकलर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। जिन क्षेत्रों में प्रेशराइज्ड पाइप से सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है वहाँ के शत-प्रतिशत किसानों से स्प्रिंकलर से सिंचाई कराएं। मुनगे का फल, पत्ती तथा छाल बहुत उपयोगी होती है। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूल परिसरों में मुनगे के पौधे रोपित कराएं। उप संचालक उद्यानिकी, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को मुनगे के पौधे उपलब्ध कराएं। कमिश्नर ने तीन महीने से अनुपस्थित लैब टेक्नीशियन के विरूद्ध कार्यवाही न करने पर संयुक्त संचालक शिक्षा को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक् में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न के वितरण, मध्यान्ह भोजन योजना, संचारी रोगों से बचाव, आंगनवाड़ी केन्द्रों से पूरक पोषण आहार के वितरण तथा कृषि आदान के संबंध में निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि विभागीय उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भर्ती प्रक्रिया की औपचारिकताओं की पूर्ति में न हो विलंब: उप मुख्यमंत्री

**पीएससी और ईएसबी द्वारा 33 हज़ार से अधिक पदों में चयन प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा की**



**रीवा।** उप मुख्यमन्त्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिये हैं कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय पदों में भर्ती की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण की जाये। संबंधित विभागीय अधिकारी चयन संस्थानों से नियमित संपर्क में रहें। औपचारिकताओं की पूर्ति में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल द्वारा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में की जाने वाली चयन प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। आयुक्त लोक स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रीमती सुरभि गुप्ता और संचालक श्रीमती मल्लिका नागर उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 33 हज़ार 118 पदों में भर्ती प्रक्रियाधीन है। इनमें 3 हज़ार 341 विज्ञप्त श्रेणी, 3 हज़ार 620 नर्सिंग श्रेणी के और 5 हज़ार 732 अविज्ञप्त श्रेणी के पद हैं। इनमें आईपीएचएस मानक के लिये स्वीकृत 18 हज़ार 653 पद, 263 उन्नयन संस्थाओं के लिये 5 हज़ार 664 पद, कैलाशनाथ काटजू सिविल हॉस्पिटल के 195 पद, 454 उन्नयन संस्थाओं के लिये 7 हज़ार 977 पद, 9 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के लिए 414 पद सहित 10 अन्य संस्थानों के 215 पद शामिल है। विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन, प्रशासकीय अधिकारी, अस्पताल अधीक्षक, सहायक प्रबंधक, प्रबंधक, हॉस्पिटल असिस्टेंट, नर्सिंग ऑफिसर, मेट्रन, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर सहित अन्य चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय पदों पर चयन की कार्यवाही लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल द्वारा की जा रही है।

## महापौर ने एक अहम बैठक का आयोजन किया

**रीवा।** नगर निगम महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' द्वारा दिनांक 15/10/2024 को सीवरेज, जल प्रदाय और निर्माण कार्यों के संबंध में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में चल रहे सीवरेज एवं जल प्रदाय की परियोजनाओं के दौरान उत्पन्न हो रही कठिनाइयों का समाधान ढूंढना और सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था, जिससे कार्यों को सुचारू रूप से अंजाम दिया जा सके। बैठक में खासतौर पर इस बात पर जोर दिया गया कि निर्माण और सीवरेज कार्यों के दौरान पाइपलाइन बिछाने के काम में कोई बाधा न आए एवं जल प्रदाय की मौजूदा पाइपलाइनें भी क्षतिग्रस्त होने से बचें और सभी कार्य तेजी से निर्बाध रूप से पूरे हो सकें।

## माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा परिसर में विद्यार्थी परिषद ने किया आंदोलन



**रीवा।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रीवा नगर इकाई द्वारा माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय परिसर रीवा में आंदोलन किया गया, जिसमें नगर मंत्री हर्ष साहू ने बताया कि रूट रीवा परिषर के प्राध्यापक सूर्य प्रकाश जी का शराब के नशे मे धुत होने का आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो रहा है जो कि शिक्षा जगत के लिए काफी निंदनीय है , शिक्षक समाज का दर्पण होता है और एक शिक्षक के द्वारा ही ऐसे कुकृत्य करना समाज जगत एवं छात्र वर्ग के लिए दुष्प्रेरक का कार्य करता है जो की उचित नहीं है। अत: विद्यार्थी परिषद ने कुलगुरु के नाम ज्ञापन सौंप कर ये मांग रखीं है कि ऐसे कूकृत्य करने वाले प्राध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए , अन्यथा की स्थिति मे परिषद ने तीन दिन का अल्टिमेटम जारी किया है कि यदि संलिप्त प्राध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित नही किया गया तो परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला संयोजक पी एन पांडे, विभाग छात्रा प्रमुख कृति तिवारी, नगर सह मंत्री अर्पित मिश्रा,सपना पटेल, ऋषभ तिवारी, अभिषेक सिंह, विश्वविद्यालय मंत्री लव कुमार पाण्डेय , पवन द्विवेदी, आयुष शुक्ला, आशीष साहू, अभिषेक बघेल आयुष ,दिशा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## निजी भागेदारी से मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के लिए आवेदन 18 तक

**रीवा।** फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान को मिट्टी के गुणों की जानकारी आवश्यक है। मिट्टी के गुणधर्म के अनुसार सही फसल और उर्वरक की सही मात्रा का निर्धारण किया जाता है। इसके लिए प्रत्येक खेत की मिट्टी की जांच आवश्यक है। इसके लिए शासन द्वारा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना लागू की गयी है। इसके तहत संभाग और जिला स्तर के साथ-साथ विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी की जांच की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए निजी भागेदारी के माध्यम से व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर स्थापित नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए 18 अक्टूबर तक प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। इसके लिए युवा उद्यमी तथा मिट्टी परीक्षण में रूचि रखने वाली संस्थाएँ ऑनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्र युवा उद्यमी/कृषि संबद्ध संस्थाएँ अपने आवेदन एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अथवा एमपी ऑनलाइन के कियोस्क केन्द्र के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी संबंधित उप संचालक कृषि कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। आवेदन की संक्षिप्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने त्योंथर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकान चंदई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न एवं शक्कर का स्टॉक रजिस्टर से मिलान करवाया तथा ग्रामीणों से खाद्यान्न प्राप्त होने के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने सेल्समैन को निर्देश दिए कि नियत तिथि तक सुगमता से सभी राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न एवं शक्कर की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। इस दौरान एसडीएम संजय जैन एवं खाद्य विभाग के विनीत मिश्रा उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने मनाई शरदोत्सव पूर्णिमा

**रीवा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा जिला इकाई रीवा के तत्वावधान में स्थानीय सेलिब्रेशन होटल में शरदोत्सव पूर्णिमा भारतीय परंपरा के अनुसार गरिमामय तरीके से उल्लास,उमंग के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर महिलाओं ने आकर्षक परिधानों से सुसज्जित होकर नाच-गाने का कार्यक्रम किया।सभी महिलाओं ने कृष्ण-राधा संग रास रचाया।तत्पश्चात कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें सभी प्रतियोगियों ने दूधिया रोशनी के समान लड्डू गोपाल को सजाया।जिसमें वृंदावन की छटा नज़र आई।प्रतियोगिता में संध्या अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।महिलाओं ने मनोरंजनात्मक गेम हौजी में जमकर आनंद लिया।इस पवन अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की प्रांत अध्यक्ष श्रीमती मीना अरुण बंसल ने कहा कि हिन्दू धर्म में धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा का पर्व हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है।इस दिन धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने का विधान है।हिन्दू धर्म में शरद पूर्णिमा की रात बहुत खास मानी जाती है, क्योंकि इस रात चांद पूरी तरह से चमकता है यानी कि चांद 16 कलाओं से पूर्ण होकर रातभर अपनी किरणों से अमृत वर्षा करता है। इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को सुख- समृद्धि की प्राप्ति होती है।साथ ही सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है।शरद पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी भूमिलोक पर भ्रमण करने के लिए आती है।इसलिए इसे कोजागर पूर्णिमा भी कहते हैं।इस दिन भगवान कृष्ण ने अपनी गोपियों के संग रास रचाया था।सभी महिलाओं ने एक दूसरे को शरद पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का सफ़ल संचालन स्वाति अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती मीना बंसल, अनीता अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, राखी अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, लता संथालिया, सुनीता चमड़िया, संध्या अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, रक्षा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, रानू अग्रवाल, खुश्बू संथालिया, शैलजा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, चंचल चमड़िया, उषा अग्रवाल, वंशिका अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल आदि महिलायें उपस्थित रहीं।उक्ताशय की जानकारी अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के रीवा जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दी।

## तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का किया स्वागत

**रीवा।** टीआरएस कॉलेज, रीवा के समाज कार्य विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक स्वागत पार्टी का आयोजन प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का उत्साह बढ़ाना और उन्हें महाविद्यालय की ऐतिहासिक, अकादमिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से से परिचित कराना था। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर नए छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, आप सभी का इस कॉलेज में स्वागत है। यह आपके लिए सीखने और विकास का एक नया अध्याय है। डॉ. महेश शुक्ल ने कहा कि समाज कार्य केवल एक पाठ्यक्रम नहीं है, बल्कि एक व्यावसायिक विधा है। आपका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसलिए, अपने अध्ययन में मेहनत करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। डॉं आर.पी. चतुर्वेदी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी को समाज कार्य के क्षेत्र में सच्चे दिल से काम करने की आवश्यकता है। आपकी मेहनत और प्रतिबद्धता से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, आपका कॉलेज जीवन एक नए सफर की शुरुआत है।

## किसान एनपीके और एसएसपी खाद का उपयोग करें : उप संचालक

**रीवा**

उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जिले के किसानों से आगामी फसल की बोनी के लिये एनपीके तथा एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) खाद का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद भण्डारित है। डीएपी खाद भी लगभग सभी समितियों में उपलब्ध है। डीएपी खाद की आपूर्ति नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। डीएपी खाद उपलब्ध न होने पर उसके विकल्प के रूप में किसान एनपीके मिश्रण तथा सिंगल सुपर फास्फेट खाद का उपयोग करें। इन खादों के उपयोग से फसल उत्पादन में डीएपी के समान ही प्रभावकारी परिणाम मिलते हैं। जिले में सहकारी समितियों, विपणन संघ तथा निजी खाद विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में एनपीके तथा सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है।

उप संचालक ने बताया कि डीएपी खाद यानी डाई अमोनियम फास्फेट में फसल को मुख्य रूप से नाइट्रोजन तत्व की आपूर्ति होती है। साथ ही फास्फोरस की भी आपूर्ति होती है। जब किसान एनपीके तथा एसएसपी का उपयोग करता है तब फसल को नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटैशियम तीनों तत्व संतुलित मात्रा में प्राप्त हो जाते हैं। डीएपी की एक बोरी से 23 किलोग्राम फास्फोरस तथा 9 किलोग्राम नाइट्रोजन मिलता है। सिंगल सुपर फास्फेट एसएसपी की तीन बोरियों एवं यूरिया खाद की एक बोरी मिलाने पर इनकी कुल कीमत डीएपी की एक बोरी की कीमत से कम होती है। इस मिश्रण से 24 किलोग्राम फास्फोरस, 24 किलोग्राम नाइट्रोजन तथा 16.5 किलोग्राम सल्फर प्राप्त होता है। यह पौधों के लिये अधिक लाभकारी है। पोटैशियम तत्व के उपयोग से फसल के दानों में अच्छी चमक आती है। सल्फर तत्व सरसों की फसल के लिये लाभकारी है। सल्फर के उपयोग से सरसों में तेल की मात्रा में वृद्धि होती है। इसलिये किसान भाई डीएपी के स्थान पर यदि एसएसपी और यूरिया के मिश्रण का उपयोग करते हैं तो दोहरा लाभ होगा। उन्हें डीएपी की तुलना में कम पैसे खर्च करने होंगे। साथ ही फसल को लाभ अधिक मिलेगा।

## ग्राम अतरैला 11 में सरपंच पद के लिए 69.48 प्रतिशत हुआ मतदान

### पेपरलेस निर्वाचन प्रक्रिया का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया अवलोकन



**रीवा।** त्योंथर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अतरैला 11 में रिक्त सरपंच पद के लिए हुए निर्वाचन के लिए 69.48 प्रतिशत मतदान हुआ। ग्राम पंचायत में बनाए गए तीन मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिकली निर्वाचन प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने पेपरलेस निर्वाचन प्रक्रिया का मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अवलोकन किया।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एग्रीगेटेड इलेक्शन मैनेजमेंट ऑनलाइन निर्वाचन प्रक्रिया में तैयार किए गए मॉड्यूल पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से पीठासीन अधिकारी ने समस्त निर्वाचन प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली संपन्न कराकर ऑनलाइन जानकारियाँ फीड किया। रीवा जिले की अतरैला 11 ग्राम पंचायत में यह पेपरलेस निर्वाचन प्रक्रिया भोपाल जिले के बाद दूसरी बार सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए मतदाता द्वारा मतदान केन्द्र में पहुंचकर पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपने एपिक कार्ड को प्रदर्शित करने पर उसकी समस्त जानकारी फोटो सहित स्क्रीन में डिस्प्ले होने से संबंधित जानकारी ली तथा मतदाताओं व निर्वाचन अभिकर्ताओं से इस अभिनव प्रयोग के बारे में पूछताछ की। मतदाताओं एवं अभिकर्ताओं ने कहा कि पेपरलेस निर्वाचन से पारदर्शिता के साथ समय की बचत होने तथा फर्जी वोटिंग की संभावना पूर्णतः खतम हो गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से पीठासीन अधिकारी द्वारा मतों का लेखा तैयार करने, प्रति घंटे होने वाली रिपोर्टिंग तथा मतदान रजिस्टर बनाने की व्यवस्था इलेक्ट्रॉनिकली की गई जिससे मतदान केन्द्र में होने वाली मानवीय त्रुटियाँ भी कम हुई तथा निर्वाचन कार्य में कम से कम अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इस दौरान निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षण एवं तकनीकी सहायता के लिए नियुक्त अधिकारियों के दल में उप सचिव सुतेश शाक्य के अतिरिक्त नरेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र अमोदे, नुपूर पाराशर, भूपेन कुमार, दीपेश सोनी व जितेन्द्र पाठक ने सहयोग किया तथा संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहकर तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विजिट शीट में डिजिटली हस्ताक्षर किए। इस दौरान एसडीएम संजय जैन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833